# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–228 । सागर, शनिवार, 7 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



ट्रेन यात्री वैज्ञानिक और उनकी पत्नी को परेशान करने वाला हिरासत में — पृष्ठ 3

▪ देश की सभी मीडिया कंपनियों का 'मनी रूट' बता दीजिए!
▪ भारत-कनाडा तनाव से बिगड़ सकते हैं द्विपक्षीय संबंध — पृष्ठ 4

▪ कदवा गोली कांड में 3 आरोपी गिरफ्तार, मंदिर के पुजारी बदलने को लेकर हुआ था विवाद — पृष्ठ 6

भीम आर्मी ने निकाली संविधान बचाओ यात्रा — पृष्ठ 8


### चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# राजस्थान, मप्र व केंद्र को नोटिस

## चुनाव आयोग से भी 4 हफ्ते में मांगा जवाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच राज्यों में चुनाव से पहले सरकारों की लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। एक तरह से मतदाताओं को लालच देने वाली इस योजनाओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत ने इनसे 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने नई जनहित याचिका को पहले से चल रही अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ दिया है। सभी मामलों की सुनवाई अब एकसाथ होगी। बता दें, सभी राज्यों में मौजूदा सरकारों की कोशिश है कि आदर्श आचार संहिता लगने से पहले बड़ी घोषणाएं कर दी जाएं। खासतौर पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ऐसा तेजी से हो रहा है। लगभग हर रोज ही सरकारें बड़ी घोषणाएं कर रही हैं। इनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई और रोक लगाने की मांग की गई। याचिकाकर्ता की दलील है कि इन लोकलुभावन योजनाओं के जरिए एक तरह से वोटर्स को लालच दिया जा रहा है। सरकारें पांच साल काम नहीं करती हैं और आखिरी में इस तरह जनता के टैक्स का पैसा लुटाकर वोट बटोरने की कोशिश होती है। साथ ही मांग की गई है कि राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों पर भी नजर रखी जाना चाहिए। नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि घोषणा–पत्र में किए गए बड़े–बड़े दावों को कैसे पूरा किया जाएगा।जनवरी 2022 में भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय फ्रीबीज के खिलाफ एक जनहित याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अपनी याचिका में उपाध्याय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्रीबीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियां की मान्यता रद्द करनी चाहिए। केंद्र सरकार ने अश्विनी से सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्रीबीज की परिभाषा तय करने की अपील की। केंद्र ने कहा कि अगर फ्रीबीज का बंटना जारी रहा तो ये देश को भविष्य की आर्थिक आपदा की ओर ले जाएगा। फ्रीबीज मामले की सुनवाई पूर्व चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुआई में तीन सदस्यीय बेंच ने अगस्त 2022 में शुरू की थी। ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### महिला जजों की संख्या में वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ के कार्यक्रम में कहा था कि न्यायपालिका में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। अब भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ ने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महिला जजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा, यह देशव्यापी चलन है। शुक्रवार को सीजेआई ने कहा ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### बिहार में जातीय गणना के सर्वे पर नहीं लगेगी रोक

नई दिल्ली। बिहार में जाति जनगणना को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार सरकार को उसके जाति सर्वेक्षण के और आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने से इनकार कर दिया और कहा कि वह राज्य को कोई भी नीतिगत निर्णय लेने से नहीं रोक सकता। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने पटना हाईकोर्ट के एक अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक औपचारिक नोटिस जारी किया ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### अजा-जजा व पिछड़ा वर्ग के लिए केंद्र का बड़ा फैसला

## संविदा नौकरियों में मिलेगा आरक्षण

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछडे वर्ग के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब इस समुदाय के लोगों के लिए संविदा सेवाओं में भी आरक्षण देने की व्यवस्था लागू हो गई है। हालांकि इसके लिए नियम तय किया गया है कि यह आरक्षण व्यवस्था 45 दिनों या इससे ज्यादा दिनों की सेवाओं पर ही लागू होगी।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर कहा है कि सभी मंत्रालयों को इस बारे में पत्र लिखकर निर्देश दे दिया गया है कि आरक्षण की इस व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। आरक्षण की यई व्यवस्था केंद्र सरकार के मंत्रालयों व विभागों में खाली पड़े सभी अस्थायी पदों पर लागू होगी। बता दें कि अभी तक एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण की व्यवस्था सिर्फ सरकार नौकरियों व शिक्षा तक ही सीमित थी। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद अब इस समुदाय के लिए सरकारी नौकरियां हासिल करना ज्यादा आसान हो जाएगा। संविदा की इन नौकरियों की अवधि एक साल से लेकर पांच साल तक बढाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि अस्थाई सरकारी पदों में आरक्षण को लेकर संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि सरकार के निर्देशों का नियमानुसार अनुपालन नहीं हो रहा है। इसी मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा था।

### मुख्यमंत्री ने एक साथ किया 13 हजार परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण, बोले-

# मध्यप्रदेश को विकास में नंबर-1 बनाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के विकास की ऐसी राह निकाली गई है, जो इस बात के लिए प्रत्येक नागरिक को आश्वस्त कर सकती है कि मध्यप्रदेश विकास में नंबर–एक पर रहेगा। प्रदेश प्रगति की लंबी उड़ान भरेगा। आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में 53 हजार 5 करोड़ से अधिक लागत के 14 हजार 375 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हो रहा है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के सभी नागरिकों को इतने व्यापक स्तर पर विकास कार्यों के शुभारंभ के अभूतपूर्व कार्यक्रम के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास के लिए आवश्यक वित्तीय साधन जुटाएगी। यह सरकार का कर्तव्य है। विकास का महायज्ञ चलता रहेगा। सिंचाई का क्षेत्र हो या बिजली उत्पादन का, स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना हो या पेयजल, शिक्षा और जनकल्याण की योजनाओं का क्रियान्वयन हो, सभी कार्यों के लिए सरकार बजट की व्यवस्था करती रही है और आगे भी करेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज रवींद्र सभागम में प्रदेशव्यापी विविध विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास और लोकार्पण कर रहे थे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारियों और विभागों के अपर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव को विकास के इस महायज्ञ में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर इस कार्यक्रम के प्रसारण के अवसर पर मंत्रीमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगरों के महापौर, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी भी जुड़े। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को नई सिंचाई और सड़क योजनाओं के प्रारंभ होने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2003–04 में प्रति व्यक्ति सालाना औसत आय सिर्फ 11 हजार रूपए थी, आज यह 1 लाख 40 हजार हो गई है। अर्थव्यवस्था गतिमान हुई है। सकल घरेलू उत्पादन लगभग 86 हजार करोड़ रूपए का था, आज यह 13 लाख करोड़ से भी अधिक हो गया है। बजट भी 23 हजार करोड़ से बढ़कर लगभग सवा तीन लाख करोड़ हो गया है। अनाज उत्पादन की बात करें तो जहां सिर्फ 159 लाख मीट्रिक टन उत्पादन होता था अब 619 लाख मीट्रिक टन उत्पादन होता है। ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### डेढ़ दर्जन विभागों के कार्यों की शुरुआत, हितग्राहियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लोक निर्माण, श्रम, विज्ञान प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, नगरीय विकास और आवास, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जनजातीय कार्य, पर्यटन, संस्कृति, सामाजिक न्याय, औद्योगिक नीति एवं निवेश विभाग अंतर्गत प्रारंभ किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। आज जल संसाधन विभाग के अंतर्गत मंदसौर जिले की शामगढ़ सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का लोकार्पण हुआ, जिसकी लागत 1662 करोड़ है। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ उनमें देवास जिले में हाटपिपल्या लघु उद्वहन सिंचाई परियोजना भी शामिल है, जिसकी लागत 3700 करोड़ रूपए है। जनप्रतिनिधियों द्वारा सिंचाई परियोजनाओं के प्रारंभ होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न विकास कार्यों के एक साथ प्रारंभ किए जाने के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को बधाई दी और प्रदेश के विभिन्न जिलों के हितग्राहियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिंगरौली की सुश्री अनुष्का शुक्ला, गुना की सुश्री पूजा, कटनी जिले की कुमारी आस्था एवं अन्य हितग्राहियों और विद्यार्थियों से चर्चा की। अनेक नागरिकों ने पूर्व में सम्पन्न कार्यों से प्राप्त हो रहे लाभ पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों को लेकर आयोग ने की बैठक

# चुनाव पूरी तरह हिंसा मुक्त हों

## धनबल की समस्या को पूरी तरह से नियंत्रित करने के दिए निर्देश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बैठक की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पर्यवेक्षकों के साथ एक बैठक की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि धनबल की समस्या को पूरी तरह से नियंत्रित किया जाए।

चुनाव आयोग के पुलिस, सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों की दिनभर चली बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करने के लिए रणनीति को सुव्यवस्थित करना था कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी ढंग से लागू हो और धन व बाहुबल चुनावों के दौरान समान अवसर को बाधित न करे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ पर्यवेक्षकों की बैठक में उन्होंने कहा कि यह तय करना है कि चुनावों में कोई भी मनी पावर और मसल्स पावर से वोटरों को प्रभावित न कर सके। मॉडल कोड प्रभावी ढंग से लागू हो। चुनाव पूरी तरह हिंसा मुक्त हों। मिजोरम की विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसम्बर को समाप्त हो रहा है। भाजपा की सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पूर्वोत्तर राज्य में सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग–अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति का शासन है, जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले, चुनाव आयोग ने राजस्थान, मिजोरम, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया है।

### 2-3 दिन में तारीखों के ऐलान की उम्मीद

देश के 5 राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इन राज्यों में 15 नवम्बर से 7 दिसंबर तक मतदान हो सकते हैं। तारीखों का ऐलान 8 अक्टूबर के बाद कभी भी हो सकता है। 2018 में 6 अक्टूबर को तारीखों का ऐलान हुआ था।

### निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में बोले केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

# नाजुक दौर से सशक्त दौर में पहुंचा भारत






**भोपाल, देशबन्धु।** 9 साल पहले भारत विभिन्न क्षेत्रों में नाजुक दौर से गुजर रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 साल में सतत विकास की पहल के चलते भारत शीर्षस्थ क्षेत्रों में अग्रणी हो चुका है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल एवं युवा मामले के मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज यहां एक निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में 'न्यू इंडिया डिबेट्स– 'यही समय है, सही समय है' विषय पर अपने संबोधन में कहा कि भारत फ्रेजाइल 5 से टॉप 5 में पहुंच गया है।

श्री ठाकुर ने सभी क्षेत्रों में देश में हो रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जहां एक ओर चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचनेवाला भारत दुनिया का पहला देश बना है, वहीं एशियन गेम्स में 100 से ज्यादा पदकों के आंकड़े को छूने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के दौरान भारतीय विद्यार्थियों को भारत लाने के लिए दोनों राष्ट्रपतियों से बात करके युद्ध विराम करवाना प्रधानमंत्री की विश्वस्तरीय नेतृत्व क्षमता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप स्वीकार किए गए हैं, वहीं भारत विश्व में पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक हो गया है। उन्होंने ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### *चुनाव में लालीपाप देने आते हैं प्रियंका और राहुल*

***भोपाल, देशबन्धु।*** *केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल एवं युवा मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चुनाव में लालीपॉप देने आते हैं। श्री ठाकुर ने यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में गारंटी फैल हो गई, मप्र में भी कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों के कर्ज न वहां माफ कर पाए न यहां, न बेरोजगारी भत्ता दे पाए, ये तो सिर्फ चुनाव में लालीपॉप देने के लिए आते हैं।*




# नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन सम्पन्न, विभिन्न विषयों पर चर्चा बाद लिये गये निर्णय

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम का साधारण सम्मेलन निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की अध्यक्षता में, महापौर संगीता तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि सुशील तिवारी एवं समस्त पार्षदों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में निगम परिषद साधारण सम्मेलन 17 मार्च एवं 31 मार्च एवं विशेष सम्मिलन 30 जून की कार्यवृत पुस्तिका की पुष्टि की गई। शासन द्वारा प्राप्त महत्वपूर्ण पत्र व्यवहार के संबंध में निगम सचिव मुन्नालाल रैकवार ने परिषद को जानकारी दी। स्मार्ट सिटी सागर द्वारा निर्मित शौचालय के साथ निर्मित शेष दुकानों के आवंटन हेतु 5 वीं बार ई-निविदा आमंत्रित की गई है। जिसमें 1 दुकान क्र.1 प्रथम तल खेल परिसर, 2 दुकान क्रमांक 1 भू-तल पर मोतीनगर चौराहा, 3 दुकान क्र. 1 भू.तल पर गौरनगर, 4 दुकान क्र. 2 भू.तल पर गौरनगर, 5 दुकान क्र. 2 भू.तल पर लक्ष्मीपुरा, 6 दुकान क्र. 1 भू.तल पर लक्ष्मीपुरा के उच्चतम आफर आफसेट कीमत से अधिक प्राप्त हुए। निविदा समिति के प्रतिवेदन एवं महापौर परिषद प्रस्ताव क्र. 1 दिनांक 23 जून की अनुशंसा सहित स्वीकृति, नगर निगम औषधालय कटरा वार्ड के स्थान पर निर्मित व्यवसायिक दुकानों के आवंटन हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की गई। जिसमें भू-तल पर दुकान क्र. 1, 2, 3 एवं 6 तथा प्रथम खण्ड पर दुकान क्र. 1 को निविदा समिति के प्रतिवेदन एवं महापौर परिषद प्रस्ताव क्र. 2 दिनांक 23 जून एवं प्रस्ताव क्र. 3 दिनांक 29 सितम्बर की अनुशंसा सहित उच्चतम आफर को स्वीकृति प्रदान की। तिलकगंज वार्ड पुरानी गल्ला मंडी के पास स्थित मीट मार्केट के स्थान पर चार मंजिला नई मार्केट तैयार हो चुकी है, दुकानों के आवंटन हेतु लोककर्म विभाग के इंजीनियर द्वारा भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल की दुकानों की कलेक्टर गाईड लाईन के अनुसार आफसेट कीमत निर्धारित की गई। जिसकी अनुशंसा महापौर परिषद प्रस्ताव क्र. 2 दिनांक 29 सितम्बर द्वारा की गई। निर्धारित आफसेट कीमत की स्वीकृति एवं नियमानुसार व्यवस्थापन के अधीन आवंटन के संबंध में स्वीकृति प्रदान की। नगर निगम मार्केट कटरा की दुकान नं. 20 के संबंध में महापौर परिषद द्वारा गठित समिति के प्रतिवेदन अनुसार एवं तकनीकी इंजीनियर द्वारा निर्धारित आफसेट कीमत एवं महापौर परिषद प्र.क्र. 10 दिनांक 23 जून की अनुशंसा अनुसार आफसेट कीमत की स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रित हेतु स्वीकृति प्रदान की। आवेदन पत्र भगवानदास अग्रवाल एवं अन्य समस्त वार्डवासी गांधी चौक वार्ड बाबत् गांधी चौक वार्ड में भट्ट गली को स्व. पं. रामरतन भट्ट के नाम से नामकरण करने के संबंध में महापौर परिषद प्रस्ताव क्र. 5 दिनांक 15 सितम्बर की अनुशंसा अनुसार स्वीकृति एवं आवेदन पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष, सैनी ज्योति महासंघ बाबत् तिली चौराहे का नामकरण महात्मा ज्योतिराव फुले के नाम से करने की स्वीकृति प्रदान की।



इस संबंध में एमआईसी सदस्य अनूप उर्मिल ने परिषद को महात्मा ज्योतिराव फुले के संबंध में जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत क्रास सब्सिडी एकत्रित करने हेतु मेनपानी स्थल के प्राप्त 19 प्रस्तावों एवं राजीवनगर कालोनी के 4 प्रस्तावों की स्वीकृति, पूर्व स्वीकृत आवेदनों के आवेदकों द्वारा राशि वापिसी/निरस्तीकरण एवं नाम परिवर्तन के आवेदनों की शासन के नियमानुसार स्वीकृति, मेनपानी स्थल पर ईडब्ल्यूएस आवासों के साथ निर्मित दुकानों एवं दुकानों के ऊपर की छतों की नीलामी एवं ईडब्यूएस आवासों के पंजीयन नियमानुसार निरस्त करने के संबंध में महापौर परिषद प्रस्ताव क्र. 8 दिनांक 29 सितम्बर की अनुशंसा सहित स्वीकृति प्रदान की। मंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 02 अप्रैल को आहूत बैठक में डेयरी व्यवस्थापन हेतु पशुपालकों एवं डेयरी मालिकों की संयुक्त बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार महापौर परिषद प्रस्ताव क्र. 2 दिनांक 12 अप्रैल के अनुसार प्लाट आवंटन हेतु 4 समान किश्तों में राशि जमा कराये जाने एवं डेयरी संचालकों द्वारा बैंक से ऋण लेने की प्रक्रिया में समय अधिक लगने के कारण समयावधि 15 मई तक बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई एवं केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा वित्त पोशित योजनाओं, मुख्यमंत्री मप्र शासन की घोषणा अनुरूप एवं मंत्री नगरीय विकास एवं आवास के निर्देशानुसार कराये जा रहे कार्य हेतु पुष्टि की प्रत्याशा में प्रदान की गई स्वीकृतियों की पुष्टि की। इसके अलावा निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार के समक्ष वार्ड पार्षदों ने अपने अपने वार्ड में समस्याओं की जानकारी परिषद को तथा उनके तत्काल निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया जिस पर निगमाध्यक्ष ने वार्ड पार्षदों की उनके वार्ड की समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि विषय से संबंधित विभाग के अधिकारी परिषद की बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित रहें अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्व कार्यवाही की जावेगी। चर्चा में एमआईसी सदस्य सहित पार्षदो ने भाग लिया।

## बीटीआईआरटी में रक्तदान शिविर संपन्न




**सागर, देशबन्धु।** बीटी ग्रुप अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के प्रति सदैव सजग एवं गंभीर है। रक्त की समय पर उपलब्धता जीवन दायिनी है, इसी सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह करने हेतु बीटीआईआरटी ने सिरोंजा स्थित शैक्षणिक परिसर में वृहद रक्तदान शिविर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय एवं संस्था की एनएसएस इकाई के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया। जिसके द्वारा 70 यूनिट रक्तदान किया गया। इसमें बीटी ग्रुप की सिरोंजा स्थित सहयोगी संस्थाओं बीटीआइपीएस एवं बीटीआईएनएस का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजित शिविर में प्रमुखत: बीटीआईआरटी के सचिव इंजीनियर सत्येंद्र जैन, बीटीआईआरटी के प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले, बीटीआईएनएस के उप प्राचार्य सुनील वर्मा, बीटीआईआरटी से मनीष जैन, मेघा सोनी, कल्पना भार्गव, कीर्ति चतुर्वेदी, नवीन खरे एवं रोहित राय के अलावा बीटीआईआरटी, बीटीआईपीएस एवं बीटीआईएनएस के विद्यार्थियों ने सहर्ष रक्तदान किया। इस अवसर पर बीटीआईपीएस के प्राचार्य डॉ. अशोक जैन, रजिस्ट्रार तरुण कुमार सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुजीत सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। रक्तदान को निर्विघ्न संपन्न कराने में जिला चिकित्सालय सागर के ब्लड बैंक के अधिकारी डॉ. महेश जैन एवं उनकी कुशल व अनुभवी टीम की अहम भूमिका रही। रक्तदाताओं को रक्तदान के उपरांत बीटीआईआरटी के द्वारा ताजा जूस एवं फल तथा जिला चिकित्सालय द्वारा फ्रूटी एवं बिस्किट्स भेंट किए गए। रक्तदाताओं को सम्मान पूर्वक प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।

## सार-समाचार

### विद्यार्थियों ने स्वयं के खर्चे से किया पौधारोपण



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि के शिक्षाशास्त्र विभाग को सुंदर बनाने के लिए गांधी जयंती के बाद, कक्षा प्रतिनिधि के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने स्वयं की खर्चे से किया पौधारोपण, इस दौरान डॉ. रश्मि जैन सुपरवाइजर, कंचन चौरसिया, अर्पित भोजक सीआर, अमित अहिरवार, समीर पटेल, अनिकेत राठौर, मृत्युंजय सूर्यवंशी आदि सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे एवं डॉ. रश्मि जैन ने सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### पैदल यात्रियों का जत्था मां के दर्शनों के लिए मैहर रवाना



**राहतगढ़, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचीन शिवालय मंदिर बनेनीघाट से पैदल यात्रियों का जत्था मां शारदा के दर्शनों के लिए गाजेबाजे एवं अखाड़ा के साथ मैहर रवाना हुआ। नगर से पैदल गए तीर्थयात्रियों का नगर के लोगों ने जगह-जगह तिलक, पुष्पमाला पहनाकर एवं श्रीफल भेंटकर रवाना किया। यात्रा के प्रमुख भागेश तिवारी ने बताया कि विगत 13 वर्षों से मां शारदा मैहर दर्शनों के लिए जा रहे हैं। तीर्थयात्रियों का जत्था नवरात्रि के प्रथम दिन सुबह मां शारदा के दर्शन करने के उसके उपरांत नगर वापसी होगी।

### ईव्हीएम वेअरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के द्वारा ईव्हीएम वेअरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक प्रमोद रजक एवं सहा. ईव्हीएम नोडल मुकेश पटेल उपस्थित रहे।

# सीएम राइज, पीएमश्री स्कूल और कालेजों ने शिक्षा का वातावरण बनाया: सरोज सिंह



**बरोदियाकलां, देशबन्धु।** अच्छी शिक्षा के लिए स्कूल, महाविद्यालय, सीएम राईज स्कूल, पीएमश्री स्कूल सहित अनेक शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की गई है। मंत्री जी की तरफ से नि:शुल्क कोचिंग खोली गईं हैं। छात्र-छात्राओं को स्कूटी, लेपटॉप, साइकिल सहित शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। धार्मिक क्षेत्र में भी विभिन्न कार्य किए गए हैं। विगत वर्षों में खुरई विधानसभा क्षेत्र में 3 नई नगर परिषदों का गठन किया गया, जिससे यहां विकास के द्वार खुले। यह बात सरोज सिंह बीकोरकला में 1 करोड़ की लागत से बने शासकीय हाई स्कूल भवन का लोकार्पण करते हुए कही। वार्ड क्र. 2 मृगावली, वार्ड क्र. 1 दरी, वार्ड क्र. 4 चुरारी, वार्ड क्र. 5 सिमरिया एवं वार्ड क्र. 13 हनौता में हितग्राहियों को मालिकाना हक के पट्टे वितरित किए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि बरोदियाकलां ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण इसमें प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास का लाभ मिलता था, बरोदियाकलां के नगर परिषद बनने के बाद उन ग्रामों को वार्ड में जोड़कर उन्हें आवास योजना शहरी में ढाई लाख रूपए का लाभ दिया गया है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से खुरई विधानसभा क्षेत्र के हर जरूरतमंद को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। जिनके पास खुद की जमीन नहीं थी, आवास नहीं था उनको आज भू स्वामित्व अधिकार सहित पट्टों का वितरण किया गया है।

## महेंद्र फुसकेले स्मृति साहित्य अलंकरण समारोह 14 को

**सागर, देशबन्धु।** प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के द्वारा महेंद्र फुसकेले की द्वितीय पुण्यतिथि एवं हरिशंकर परसाई की जन्म शताब्दी वर्ष पर स्मरण महेन्द्र फुसकेले तथा हरिशंकर परसाई पर उदबोधन एवं साहित्य अलंकरण का आयोजन 14 अक्टूबर को सरस्वती वाचनालय सभागार में दोपहर 2. 30 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर महेन्द्र फुसकेले स्मृति साहित्य अलंकरण से देश की प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. शरद सिंह को विभूषित किया जाएगा।

## नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण कल

**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण कल 8 अक्टूबर रविवार सुबह 9 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 नि:शुल्क शतरंज खेल खेला जायेगा और प्रशिक्षण मदन सोलंकी के मुख्य अतिथ्य में दिया जायेगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चो की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 बर्षो में सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

## विकास कार्यो की गंगा से बदल दी सुरखी विधानसभा की तस्वीर: हीरा सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा के हर गांव कस्बे में शहरों जैसी व्यवस्थाएं करना मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का संकल्प है और यह संकल्प अब पूरा हो रहा है। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने जैसीनगर में आयोजित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा नवीन जनपद भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा एक समय ऐसे पिछड़े हुए क्षेत्र में आता था जहां न तो सड़कें थीं न शिक्षा की व्यवस्था और न ही स्वास्थ्य सुविधाएं थी, लेकिन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा की तस्वीर बदल दी है। आज हमारी सुरखी विधानसभा किसी महानगर से पीछे नहीं है। बिलहरा, सीहोरा, जैसीनगर में भव्य शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल कॉलेज हमारे विधानसभा क्षेत्र के विकास की कहानी बयां कर रहे हैं। हीरा सिंह राजपूत ने जैसीनगर में 1 करोड़ 49 लाख की लागत से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा 2 करोड़ 28 लाख जनपद पंचायत भवन के लोकार्पण सहित 5 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर सैकड़ो क्षेत्रवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्नी के साथ गाली-गलौच, मारपीट करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** पत्नी के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट करने वाले आरोपी हेमन्त साहू को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला सागर रीना शर्मा की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 498.ए के तहत 01 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी किरण गुप्त ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता की शादी हिंदु रीति रिवाज से अभियुक्त हेमंत साहू से 20 अप्रैल 2016 को हुई थी। शादी के बाद पीड़िता ससुराल गई तो कुछ समय पश्चात उसका पति उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा, पीड़िता ने सब कुछ सहन किया। इसके पश्चात दो तीन बार महिला परामर्श केन्द्र में अभियुक्त को समझाइश दी गई जिसमे उसके द्वारा पीड़िता को अच्छी तरह से रखने की सहमति देकर उसे ससुराल वापस ले आया इसके बाद पुन: अभियुक्त पीड़िता को शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान करने लगा तो पीड़िता अपनी भाभी के यहां रहने लगी। 10 जून 2018 को अभियुक्त भाभी के घर पहुंचा और पीड़िता को गंदी-गंदी गालियां देने लगा और गाली देने से मना करने पर पीड़िता के साथ मारपीट की जिससे पीड़िता को सिर, गर्दन एवं हाथ की कल्हाई में चोटें आई एवं अभियुक्त ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना मोतीनगर मे प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## भाजपा एक परिवार है जो काम करके दिखाती है: हीरा सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के रैपुरा ग्राम में अजा वर्ग के गरीबों के आवास वन विभाग द्वारा गिराये जाने के मामले में कांग्रेस द्वारा हाय तौबा मचा कर राजनीति की थी, लेकिन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गरीबों के पक्के मकान देकर करारा जवाब दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने 8 गरीब परिवारों को आज गृह प्रवेश भी करा दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों वन विभाग ने उसकी भूमि पर कच्चे मकान बनाकर रह रहे 8 अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के मकानों को अतिक्रमण बताकर ध्वस्त कर दिया था। मंत्री राजपूत ने कलेक्टर समेत वन विभाग के अधिकारियों को मामले की बारीकी से जांच करने के निर्देश देकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने के लिए कहा था। जांच में एक रेंजर स्तर के अधिकारी दोषी पाए गए थे जिनको निलंबित किया गया था। खुशी की बात यह है कि महज दो महीने में ही रैपुरा के 8 गरीबों के पक्के मकान बना दिए गए। शुक्रवार को हीरा सिंह राजपूत ने रैपुरा में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान पूर्वक सभी 8 गरीब परिवारों को गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि भाजपा एक परिवार है जो सिर्फ वादे नहीं काम करके दिखाती है। हमारा पूरा राजपूत परिवार राजनीति करने वाले में से नहीं है बल्कि जनसेवा हमारा संकल्प है। आज रैपुरा के आठ परिवारों को नए पक्के आवास में प्रवेश दिलाकर खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि यह मकान मंत्री राजपूत ने स्वयं अपने खर्चे पर बनवाए हैं क्योंकि ये परिवार हमारे अपने हैं।

## प्रेम से जो जीता जा सकता है, वो किसी और चीज से नहीं जीत सकते: गोविंद सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** प्रेम से जो जीता जा सकता है, वो किसी और चीज से नहीं जीत सकते। आपके और हमारे बीच यह प्रेम का अटूट रिश्ता अभी का नहीं बल्कि 25 साल पुराना है। आपने मुझे देखा है, परखा है, जांचा भी है। मैं और मेरा परिवार हर वक्त आपके साथ आपके सुख-दुख में खड़ा है और आगे भी आपका साथ खड़ा रहेगा। इसी वादे के साथ मैंने आपको आपके सम्मान के लिए बुलाया है। यह कोई राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि पारिवारिक चर्चा का मंच है। यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मुस्लिम समाज के सम्मान समारोह के दौरान कही। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि आप सभी से घर-घर से नाता है, आपका रिश्ता अभी का नहीं बल्कि काफी पुराना है। जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अजमेरी राइन ने कहा कि मुख्यमंत्री की सभी योजनाओं का मुस्लिम समाज को मिल रहा है। मुस्लिम समाज भी भाजपा के साथ है। कार्यक्रम में सुरखी विधानसभा के बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन उपस्थित थे।

## 17 वर्षीय बालिका को जयपुर से खोजकर परिजनों को सुपुर्द किया

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा गुम बालक बालिकाओं की खोजने हेतु निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना एवं अनुविभागीय अधिकारी बीना के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बीना भरत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में थाना बीना के अपराध क्रमांक 473/23 धारा 363 ताहि की अपह्यता जो दो माह पूर्व घर से बिना बतायें कहीं चली गई थी जो उसके परिजनों की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना गुमशुदा को जयपुर राजस्थान से 6 अक्टूबर को खोजकर अपह्यता को उसके परिजनों को सुपुर्द किया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी छोटी बजरिया रामदीन सिंह, राजा दांगी, सौरभ रैकवार, रवि भदौरिया, सपना मिश्रा की भूमिका रही।

## भानगढ़ को तहसील बनाने की मांग को लेकर 6 दिनों से चल रहा धरना हुआ समाप्त



**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ क्षेत्र के लोग भानगढ़ को तहसील का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर अनिश्चिकालीन धरने पर बैठे हुए थे। इसके बाद बीती रात एसडीएम देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा लिखित आदेश जारी कर नायब तहसीलदार को भागनढ़ में बैठने का आदेश जारी किया गया। इस आदेश को मौके पर पहुंचकर नायब तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी ने सभी को पढ़कर सुनाया। इसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश राय भी मौजूद थे। आदेश में बताया गया है कि राजस्व निरीक्षक मंडल भानगढ़ के अंतर्गत आने वाले कई गांव तहसील मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूरी पर हैं, जिससे राजस्व संबंधी कार्यों के लिए ग्रामीणो, किसानों को अधिक दूरी तक करनी पड़ती है। ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए नायब तहसीलदार हेमराज मेहर वृत्त भानगढ़ को उप तहसील मुख्यालय पुराना हाईस्कूल भवन भानगढ़ में कैंप कार्यालय बनाने और सप्ताह में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को बैठने कर आदेश जारी किया है। जहां न्यायालयीन और प्रशासकीय कार्य होंगे। इस आदेश के बाद धरना समाप्त किया गया। धरना स्थल पर कमलेश राय, इंदर सिंह ठाकुर, शशि कैथोरिया, रामकृष्ण अहिरवार, प्रमोद राय, अर्जुन सिंह पटेल, क्षमाधार पटेल, जगपाल यादव आदि उपस्थित रहे।

# 2 करोड़ की लागत के इण्डोर स्टेडियम का हुआ भूमिपूजन

### मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उत्कृष्ठ खिलाडियों को विधायक ने किया सम्मानित और पट्टा वितरण किए



**मकरोनिया, देशबन्धु।** मकरोनिया नगर पालिका के वार्ड क्र. 4 में स्थित स्टेडियम में विधायक प्रदीप लारिया ने भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरौठिया, नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार और उपस्थित जनसमुदाय के बीच इन्डोर स्टेडियम का भूमिपूजन किया। 2 करोड़ रूपये की लागत से स्टेडियम का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदीप लारिया ने कहा कि मकरोनिया नगर और आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल सुविधाएं मिले इसका ख्याल रखते हुए यह स्टेडियम बनाया गया है। नरयावली विधानसभा भी विकास की दृष्टि से तेज गति के साथ आगे बढ़ रही है। विधानसभा में आपके आर्शीवाद से विकास की गंगा निरंतर बहती रहेगी। गौरव सिरौठिया ने कहा कि मकरोनिया विकास के मामले में नगर निगम से भी आगे है। हमने देखा है कि आपके क्षेत्र के विधायक प्रदीप लारिया भोपाल और दिल्ली में अधिकारियों के दरवाजे पर जा-जाकर विकास के लिए स्वीकृति कराकर लाते है। आज का दिन मकरोनिया के लिए इतिहास का दिन है। ऐसे जनप्रतिनिधियों को आपका भरपूर आर्शीवाद मिले यही आशा करता हूं। नपा अध्यक्ष मिहीलाल ने कहा कि यह स्टेडियम मकरोनिया के लिए एक बड़ी सौगात है। नरयावली विधानसभा सहित मकरोनिया का चहुंमुखी विकास हो रहा है। मकरोनिया को गांव से शहर बनाने में विधायक जी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया और चिन्हित आवासहीन परिवारों को भू-अधिकार पट्टे भी वितरित किये गये। साथ ही खेलों में कांस्य पदक और कई स्वर्ण पदक जितने वाली यामिनी मौर्य के परिजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीता कैलाषिया, समस्त पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, और नगरवासी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### महाराजा छत्रसाल की शौर्य गाथाएं कोने -कोने तक पहुंच रहीं

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल की शौर्य भूमि से जन्मी उनकी शौर्य गाथाएं अब देश के कोने-कोने में पहुंच रही हैं। इतिहास में उनके व्यक्तित्व के साथ इतिहासकारों ने जिस तरह अनदेखी की अब समाज मिलकर उसकी भरपायी कर रहा है। आज सरकार भी महाराजा छत्रसाल के शौर्य को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठा रही है यह काफी सराहनीय बात है। उक्त उद्गार अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति एडीएन बाजपेयी ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। श्री बाजपेयी विगत रोज शहर में आयोजित की गई महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान की साधारण वार्षिक आमसभा में उक्त विचार रख रहे थे।

इस वार्षिक आमसभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय राष्ट्रीय महामंत्री विद्या भारती से अवनीश भटनागर, विद्या भारती के ही राष्ट्रीय मंत्री जगदीशचन्द्र चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों का स्वागत संस्थान की ओर से अध्यक्ष राकेश शुक्ला राधे एवं सचिव कमलेश अहिरवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संरक्षक डॉ. पवन तिवारी, गोविंद सिंह बुन्देला, भगवतशरण

### नशे में धुत्त युवक ने की घिनौनी हरकत

# ट्रेन यात्री वैज्ञानिक और उनकी पत्नी को परेशान करने वाला हिरासत में

**हरपालपुर, देशबन्धु।** बुधवार की रात को मानिकपुर से चलकर हजरत निजामुद्दीन जा रही उप्र संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के एसी कोच में एक शराबी युवक ने वैज्ञानिक और उनकी पत्नी पर पेशाब कर दिया। बुजुर्ग वैज्ञानिक और उनकी पत्नी के कई बार मना करने पर भी नशे में धुत युवक नहीं माना। जब दंपती ने शोर मचाया, तो सूचना पर पहुंचे टीटीई ने युवक को पकड़ा। ट्रेन के झांसी स्टेशन पहुंचने पर युवक को आरपीएफ के हवाले कर दिया गया।

दरअसल बनारस हिंदू विवि से सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जीएन खरे अपनी पत्नी ऊषा खरे के साथ देर रात छतरपुर में अपने रिश्तेदार के यहाँ श्राद्ध में शामिल होने के बाद छतरपुर से हरपालपुर स्टेशन पहुंच कर। हरपालपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रहे थे। गाड़ी संख्या 12447 उप्र संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में रात 10ः06 बजे दंपती एसी कोच बी-3 की लोअर बर्थ की सीट नंबर 57 व 60 पर यात्रा कर रहे थे। इसी कोच में साइड लोअर बर्थ की सीट नंबर 63 पर कुतुब बिहार साउथ वेस्ट नई दिल्ली निवासी रितेश भी महोबा से हजरत निजामुद्दीन के लिए यात्रा कर रहा था।

ट्रेन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली थी कि नशे में धुत युवक रीतेश ने सीट से उतरकर बुजुर्ग दंपती पर पेशाब करनी शुरू कर दी। दंपती ने युवक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक नहीं माना और दोनों की लोअर बर्थ पर पेशाब करता रहा। वैज्ञानिक दंपती ने शोर मचाया तो कोच में मौजूद अन्य यात्री भी जाग गए और टीटीई को सूचना दी गई। टीटीई बीएस खान ने मौके पर पहुंचकर झांसी रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना दी। ट्रेन के झांसी पहुंचने पर आरपीएफ ने युवक को उतार लिया। युवक के खिलाफ टीटीई की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### इनका कहना है

वैज्ञानिक और उनकी पत्नी की शिकायत पर विधित कार्यवाही की जा रही हैं। युवक को गिरफ्तार कर लिया है युवक के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**मनोज कुमार सिंह** जनसंपर्क अधिकारी झाँसी रेल मंडल

### ठेकेदार की लापरवाही लोगों का चलना हुआ दूभर

# सड़कों को खोदकर महीनों तक नहीं बिछा रहे पाइप

- जल आर्वधन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों और गलियों में खोदकर महीनों तक छोड़ दिया जा रहा



**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर के वार्डो की गली में आधा दूर तक पाइप लाइन बिछाने के बाद काम अधूरा छोड़ दिया गया है। सड़क का मलबा वैसे ही पड़ा हुआ है। जहां तक पाइप लाइन बिछाया गया है वहां सड़क को खोदने के बाद क्रांकीटकरण की भी केवल खानापूर्ति की जा रही है। वार्ड में सालों पूर्व सड़क का निर्माण हुआ है और बची-खुची सड़क है उसे भी खोदकर बर्बाद किया जा रहा है।

हरपालपुर में इन दिनों जल आवर्धन योजना के तहत वार्डों में पाइप लाइन बिछाने सड़कों को खोदा जा रहा है। 28 करोड़ के जल आवर्धन योजना में भले ही लोगों को बूंद भर पानी नहीं मिल पाया है लेकिन इसको लेकर नगरवासियों को परेशानियों से जरुर जूझना पड़ रहा है। नगर के वार्डों में पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। जिसके लिए वार्डों में बनी बनाई सड़कों को खोदा जा रहा है ताकि जमीन के अंदर पाइप लाइन बिछाया जा सके। नियमानुसार सड़क में पाइप लाइन डालने के बाद फिर से सड़क को कांक्रीटीकरण करके देना है लेकिन इस काम में लापरवाही बरती जा रही है। वहीं नगरपरिषद के जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

**पाइप लाइन बिछाने में ही सालों लगा दिए :** पूरे नगर में 60 किमी पाइप लाइन बिछाना है लेकिन विडंबना है कि सालों बीत जाने के बाद भी यह काम आज तक पूरा नहीं हो पाया है। काम 50 फीसदी भी पूरा होते नजर नहीं आ रहा केवल काम जल्द पूरा हो जाने का हर बार कन्त्रशन कंपनी के अफसरों के द्वारा राग अलापा जाता है। नगरपरिषद के अधिकारियों को इस काम से कोई सरोकार नजर नहीं आ रहा है। जबकि इन खुदी पड़ी सड़को से रहवासी परेशान हैं।

कंट्रक्शन कंपनी के उपयंत्री संदीप तिवारी की माने तो पाइप लाइन बिछाने का काम नगर में अंतिम दौर पर है। कंपनी द्वारा 70 प्रतिशत काम पूरा कर लिया हैं। सिर्फ एक ही वार्ड रह गया बाकी कई गली-मोहल्ले संकरे हैं जहां मशीनें नहीं जा पा रही है इसलिए कुछ वार्डों में काम बचा है जिसे जल्द पूरा कर रहे हैं।

### कलेक्टर के आदेश की अनदेखी

# कारीगर बना रहे पीओपी की मूर्तियां



**लवकुश नगर, देशबन्धु।** अनुविभाग अंतर्गत ग्राम ज्योराहा तिराहे में एक निजी मकान में खुले आम बनाई जा रही बड़ी मात्रा में पीओपी की मूर्तियां जहा देश में नवरात्रि के महज 8 दिन शेष होने के बाद पीओपी की मूर्तियां में नही की कार्यवाही, इस अवसर पर आयोजन समितियां पण्डाल सजाकर भक्तिभाव के साथ मूर्तियों की पूजा करती हैं और इसके बाद इन मूर्तियों को जलस्त्रोतों में विसर्जित किया जाता है। मिट्टी सहित अन्य सामग्री से परंपरागत तौर से मूर्तियां बनाना हानिकारक नहीं है लेकिन प्लास्टर ऑफ पेरिस से मूर्तियां बनाने से जब इसका विसर्जन किया जाता है तो यह मूर्तियां पानी में जहर घोलने के काम आती हैं क्योंकि प्लास्टर ऑफ पेरिस पानी में पहुंचते ही जहरीला हो जाता है। आयोजन समितियों को इस बात का ख्याल रखना होगा कि वे मिट्टी और प्राकृतिक सामग्री से बनी मूर्तियों को पण्डाल में लाकर उनकी पूजा करें और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाई जाने वाली मूर्तियों को न सजाएं।

पर्यावरण के जानकारों का कहना है कि गणेश चतुर्थी और नवरात्रि में पण्डालों में पहले मिट्टी की मूर्तियां तैयार की जाती थीं और उनमें प्राकृतिक रंगों को स्थान दिया जाता था लेकिन अब धीरे-धीरे प्लास्टर ऑफ पेरिस लोहे की सलाखें, पॉलिस्टर कपड़े, प्लास्टिक, सिंथेटिक पेंट आदि का उपयोग होने लगा है। प्लास्टर ऑफ पेरिस में सूखने की क्षमता अधिक होती है और इससे मूर्तियों में चमक अधिक आती है।

इसके अलावा इससे निर्माण करने में लागत कम आती है। यही वजह है कि मूर्तिकार मिट्टी के स्थान पर प्लास्टर ऑफ पेरिस का इस्तेमाल अधिक करते हैं। सिंथेटिक पेंट और प्लास्टर ऑफ पेरिस जैसे पदार्थों का इस्तेमाल होने से इनका जहर पानी के माध्यम से धीरे-धीरे लोगों तक पहुंच जाता है। तो वही ग्राम वासियों ने लवकुश नगर तहसीलदार को मौखिक रूप से अवगत करवाया और मौके पर पहुंचे भी लेकिन कार्यवाही के नाम से खाली हाथ लौटना पड़ा तो वही इस संबंध में लवकुश नगर एसडीएम विनय द्विवेदी का कहना है कि जल्द ही जिले से पॉल्यूशन विभाग की टीम को बुलाकर जांच करवाई जाएगी हम कार्रवाई की जाएगी

## तहसीलदार ने डीजे संचालकों की ली बैठक, नगर मे लगे बैनर पोस्टर हटाए


**घुवारा, देशबन्धु।** आगामी विधान सभा चुनाव को दृष्टिकोण रखते हुये



जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संदीप जी आर के आदेश पर घुवारा तहसीदार व निर्वाचन अधिकारी ए.आर.ओ ऋतु सिंघई द्धारा नगर के समस्त डीजे संचलको की उपथाना परिसर मे बैठक ली गई बैठक मे समस्त डीजे संचलको से बात चीत करते हुये सभी डीजे संचालको को दिशा निर्देश देते हुये बताया गया कि आगामी विधान सभा चुनाब होने बाले है कुछ समय बाद आचार संहिता लगने बाली है जिसमे चुनाब निर्वाचन अधिकारी के आदेश के पालन करते हुये कार्य करना क्योकि आगामी कुछ समय बाद नवरात्री चालू होना बही चुनाब प्रचार प्रसार चालू होना है समस्त डीजे संचलाक अपने सामाग्री की सूची कार्यालय मे पेश करे बही टैंड व साऊंड सर्विस संबधी जिसको भी उपकरण दिये जाये उसकी सारी जानकारी अपटेड रखे बही आचार संहिता मे जिस जगह अपना साऊंड सर्बिस लगाना हो लगाने से पहले कार्यालय आकर अनुमति प्रदान करे साथ ही निर्वाचन संबधी दिशा निर्देशो के अनुसार की साऊंड बजाये अगर उसके बाद कोई निर्बाचन संबधी आदेश का पालन नही करता तो उसके सामान को जब्त कर कार्यवाही ती जायेगी। बही तहसीलदार ऋतु सिंघई द्धारा अपने राजस्व अमले के साथ नगर मे बिना अनुमति के लगे बैनर पोस्टरो को निकलवा।

## बैठक में 8 बिन्दुओं पर हुई चर्चा

**लवकुश नगर, देशबन्धु।** बाईट रोज नगर परिषद में परिषद की बैठक हुई



जिसमें आठ बिंदुओं पर तथा अन्य जरूरी कार्यों के लेकर बैठक हुई जिसमे बिंदु आठ पर नामांतर के विषय पर चर्चा हुई आपत्ति न होने पर 59 प्रकरण स्वीकृत किये गए। शेष प्रकरण अगली बैठक तक रोके गए है।

नगर के विभिन्न स्थानों पर दुकान के प्रथम तल की छत की नीलामी में प्राप्त दरों को दरकिनार करते हुए स्वीकृत नीलामी को ही निरस्त कर दिया गया है जिसकी दोबारा प्रक्रिया होगी। बाकी सभी बिन्दुओं पर परिषद ने न्यूनतम दरों पर कार्य स्वीकृत किए गए न्यूनतम दरें स्वीकृत की गई।

# गरौंली गांव के बस स्टैंड में सार्वजनिक शौचालय नहीं, लोग हो रहे परेशान



**नौगांव, देशबन्धु।** नौगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बड़ी ग्राम पंचायतों में से एक ग्राम पंचायत गरौंली के बस स्टैंड में सार्वजनिक शौचालय न होने से यहां पर स्थित दुकानदारों सहित आने जाने वाले यात्रिगणों को प्रसाधन आदि में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं बस स्टैंड के पास स्थित सार्वजनिक हैंडपम्प भी पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा होने से लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत गरौंली के बस स्टैंड में सार्वजनिक शौचालय न होने से ग्रामीणों सहित गांव में आने जाने वाले यात्रीगणों को प्रसाधन करने के साथ साथ सबसे ज्यादा महिला यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं गर्मी का मौसम होने के बावजूद गांव में पेयजल व्यवस्था अभी तक दुरुस्त नहीं हो पाई है। नतीजा यह है कि गरौंली गांव के विभिन्न मोहल्लों में हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। हाल यह है कि खराब हैंडपंपों की मरम्मत की फिक्र न तो पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों को है और न ही जनपद प्रशासन को, जिसका परिणाम यह है कि हर रोज राहगीरों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोग मजबूरी में सामान्य हैंडपंप से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। हैंड पंप एक सप्ताह से खराब है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। बस स्टेण्ड वार्ड 7 में भी मिश्रा मार्केट में सड़क के किनारे हैंडपंप लगा हुआ है, इसका मकसद था की राहगीरों को शुद्ध पेयजल मिले। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही एवं मॉनिटरिंग की कमी के कारण हैंडपंप एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है। इससे पहले उपसरपंच के सहयोग से हैंडपंप को पीएचई विभाग के सहयोग से कई बार सुधार कार्य करवाया। अब एक बार फिर से हैण्डपंप एक सप्ताह से से खराब पड़ा हुआ है। हैंडपंप खराब होने के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है जिसको लेकर पंचायत के सरपंच ,सचिव सहित किसी भी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसका परिणाम यह है कि आने वाले राहगीरो को पीने के पानी एवं सर्वजानिक शौचालय न होने से ग्रामीणों सहित आने जाने वाले राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के निवासी विष्णु मिश्रा ने बताया कि सरकारी हैंडपंप एक सप्ताह से खराब है, लेकिन जल निगम के लोग मरम्मत कराने का नाम नहीं ले रहे हैं। बस स्टैंड पर दुकान चलाने वाले सेन का कहना है कि हमारी दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर लगा हैंडपंप खराब है। गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत है।

### इनका कहना है

गरौंली पंचायत के सचिव से बात करके हैंडपंप में सुधार करके ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा तो वहीं सार्वजनिक शौचालय के लिए सरपंच सचिव प्रस्ताव तैयार करके दें तो निश्चित ही विचार कर निर्माण कराया जाएगा।

**भागीरथ प्रशाद तिवारी,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत,नौगांव

## हाथी पर सवार हुए बब्बूराजा



**छतरपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता डीलमणि सिंह बब्बूराजा आखिरकार कमलनाथ की ओर से मिल रही बेरूखी के चलते एक बार फिर पार्टी का दामन छोडक़र बसपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने भोपाल में स्थित बसपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ले ली। उन्हें बसपा छतरपुर विधानसभा का प्रत्याशी बनाकर चुनावी अखाड़े में उतार सकती है। भोपाल से आयी तस्वीरों के बाद बसपा जिलाध्यक्ष शंकर अहिरवार ने इस खबर की पुष्टि की है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष डीलमणि सिंह बब्बूराजा 2008 में भी छतरपुर विधानसभा से बसपा के प्रत्याशी रहते हुए चुनाव हार चुके हैं। इसके बाद 2013 में उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा था वे तब भी पराजित हो गए थे। 2018 में उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस में वापिसी करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी का साथ दिया था। वे 2023 में कांग्रेस से विधानसभा की टिकिट चाह रहे थे लेकिन छतरपुर में वर्तमान विधायक आलोक चतुर्वेदी की मजबूत दावेदारी के कारण उन्हें टिकिट मिलना संभव नहीं हो पा रहा था। यही वजह है कि उन्होंने आखिरकार एक बार फिर बसपा का दामन थाम लिया है।

# तलैया में तैरता मिला महिला का शव, मामला संदिग्ध



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैंड़ी से शुक्रवार को हृदयविदारक जानकारी सामने आई है। दरअसल यहां पर करीब 15 दिन पहले मां बनी एक महिला का शव उसके घर के समीप मौजूद तलैया में मिला है। महिला पिछले दो दिनों से लापता थी, जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने पुलिस को भी दी थी। वहीं महिला के भाई ने हत्या का संदेह जाहिर किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कैंड़ी निवासी रवि कुशवाहा ने बताया कि विगत 19 सितंबर को उसकी 21 वर्षीय पत्नी रोशनी कुशवाहा ने जिला अस्पताल में बेटी को जन्म दिया था। रवि के मुताबिक मंगलवार 3 अक्टूबर की शाम को रोशनी ने हरी सब्जी खाने का इच्छा जाहिर की थी लेकिन उसकी सास ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से मना कर दिया था और इसके बाद सभी लोग सो गए थे। बुधवार की सुबह जब घर के लोग उठे तो रोशनी लापता थी। पहले घर के लोगों को लगा कि वह नित्यक्रिया के लिए गई होगी लेकिन जब काफी समय तक वापिस नहीं लौटी तो उसकी तलाश की गई। खोजबीन के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और परिजन लगातार रोशनी की तलाश कर रहे थे इसी बीच शुक्रवार की सुबह घर के पास मौजूद तलैया में रोशनी का शव उतराता हुआ मिला। ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंचीं ओरछा रोड थाना प्रभारी उपमा सिंह ने अपनी मौजूदगी में शव को तलैया से बाहर निकलवाया और पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए भेजा। वहीं दूसरी ओर इस मामले में मृतिका के भाई मुन्ना कुशवाहा निवासी लखनगुवां का कहना है कि 3 अक्टूबर को जब वह अपनी बहन से फोन पर बात कर रहा था तब घर में लड़ाई हो रही थी और इसके बाद अचानक मोबाइल बंद हो गया था तथा उसी दिन से रोशनी लापता थी। उसे ससुराल के लोगों द्वारा हत्या किए जाने का संदेह है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# छात्रों ने की सहभागिता, प्रदेश में जिले का पहला स्थान

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में एक साथ आयोजित जिला स्तरीय ओलम्पियाड 2023-24 में छतरपुर जिले के आठों विकासखण्डों में बनाये गये प्रतियोगिता केन्द्रों पर बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गौरतलब है कि राज्य शिक्षा केन्द्र ने शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा-2 से कक्षा-8वीं तक अध्ययनरत बच्चों के लिये अध्ययन के विषयों में ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रथम चरण में जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में सम्पूर्ण जिले में 3885 विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया, इनमें से 5 एवं 6 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया।*

*जिले में राज्य शिक्षा केन्द्र के ओ.आई.सी. डॉ. रमाकान्त तिवारी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर शिक्षकों एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया।उन्होने बताया कि ओलम्पियाड का उददेश्य स्कूली बच्चों की प्रतिभा पहचान और परीक्षा से भय मुक्ति के साथ ही अपने आस-पास के वातावरण के प्रति समझ विकसित करना है।*



*डी.पी.सी. अरूण शंकर पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी. आर. के नेतृत्व एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में जिले के आठ परीक्षा केन्द्रों पर समस्त 74 जनशिक्षा केन्द्रों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।5 अक्टूबर को कक्षा-2 एवं कक्षा-3 के हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित तथा कक्षा- 6से 8 के हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी विषय की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।6 अक्टूबर को कक्षा-4 एवं कक्षा-5 के हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण तथा कक्षा-6से 8 के विज्ञान, गणित एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहित होकर भाग लिया।*

*प्रथम दिवस प्रतियोगिताएँ सुबह 10.00 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक तीन चरण में एवं द्वितीय दिवस सुबह 10.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक चार चरण में आयोजित की गई। जिनमें प्रत्येक विषय में प्रति जनशिक्षा केन्द्र 4-4 विद्यार्थी सम्मिलित हुये।*

*प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी ए.पी.सी. नीरज खरे ने बताया कि ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन ओ.एम.आर. सीट पर किया गया। जिससे बच्चे प्रारंभिक शिक्षा के समय ही प्रतियोगी परीक्षाओं के तरीके से परिचित हो सके। जिला स्तर पर चयनित होने वाले छात्रों को समारोह पूर्वक प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेगें साथ ही जो बच्चे राज्य स्तर के लिये चयनित होगें, वे भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेगें। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम दिवस 98.1 प्रतिशत एवं द्वितीय दिवस 99.9 प्रतिशत रही। केन्द्रों पर बच्चों को लाने एवं ले जाने के लिये वाहन व्यवस्था एवं बच्चों के साथ प्रतियोगिता में संलग्न शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए प्रतियोगिता केन्द्रों पर भोजन व्यवस्था भी की गई।*

## स्वच्छताग्राहियों को दो साल से नहीं मिला मानदेय

**छतरपुर, देशबन्धु।** स्वच्छताग्राही संगठन सीएफटी के बैनर तले जिले



के सभी ब्लॉक से आए स्वच्छता ग्राहियों ने शुक्रवार को छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपकर अपनी परेशानी से अवगत कराया। संगठन के जिलाध्यक्ष राजुल चतुर्वेदी ने बताया की दिसंबर 2018 में प्रदेश की प्रत्येक पंचायत में स्वच्छता ग्राहियों की नियुक्ति हुई थी। नियुक्ति के बाद स्वच्छताग्राहियों ने स्वच्छ भारत मिशन का सफल क्रियान्वयन करते हुए पंचायतों को ओडीएफ कराया, लेकिन मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले दो वर्षों से उनका मानदेय नही दिया है। स्वच्छता ग्राहियों ने विधायक को ज्ञापन देकर मानदेय दिलाने की मांग की है। इस मौके पर सह जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी अनुजय पाठक, चंद्रभान दुबे, नीलेश पटेल, इंद्रपाल यादव सहित जिले भर के स्वच्छताग्राही मौजूद रहे।

### वसीयत नामा

मैं सरमन लाल अहिरवार पिता स्व. हिरौवा अहिरवार, निवासी घुवारा, (वार्ड नं. 14) थाना भगवां, तहसील-घुवारा जिला-छतरपुर म.प्र. का निवासी हूं। मैने अपने पौत्र जतिन प्रभाकर पिता श्री निर्मल कुमार अहिरवार को स्नेहवश अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति की वसीयत के तौर पर उसके नाम कर दी है।


यदि किसी व्यक्ति या नातेदार को कोई आपत्ति है तो आपत्ति पेश करें।

**वसीयत कर्ता**
**सरमन लाल अहिरवार पिता स्व. हिरौवा अहिरवार**
**वार्ड नं. 14, घुवारा जिला-छतरपुर**

# अभिमत

*आपातकाल में मीडिया को दूसरे ढंग से दबोचा जाता था। अखबारों पर पहरा, विचारों पर गिद्ध दृष्टि गये ज़माने की बात नहीं है। मगर इसमें जो तड़का लगा है, वो है टैक्स हीवेन या दुनिया के दूसरे लोकेशन से आया पैसा। चीन यदि भूल से भी मनी रूट में है, उस मीडिया कंपनी की ख़ैर नहीं। मगर, बात यह है कि सरकार एक व्हाइट पेपर जारी क्यों नहीं करती, जिसमें देश के सभी मीडिया समूह के लिए आये पैसे का डिटेल हो?*

## देश की सभी मीडिया कंपनियों का 'मनी रूट' बता दीजिए!



पुष्परंजन

**पत्रकारों पर यूएपीए लगाना सचमुच भयावह है। सुप्रीम कोर्ट क्या स्टैंड लेता है, इस पर पूरी दुनिया की नज़र है। उस पर मुहर हम भी नहीं लगाते कि मीडिया में सब कुछ साफ-सुथरा चल रहा है, लेकिन संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बीजेपी के कितने नेता चीन गये? उनके खातों में कितने पैसे चीन-हांगकांग से आये, सरकार इतना भर बता दे!**

अगस्त 1947 में भारत के स्वतंत्र होने के बाद, तिब्बत ने ब्रिटिश अधिग्रहण का विरोध किया। दो माह बाद, अक्टूबर 1947 में तिब्बत ने मांग की, कि भारत लद्दाख, सिक्किम और दार्जिलिंग वापस कर दे। पटेल ने उसे अनसुना कर दिया। अक्टूबर 1950 में, चीनी सैनिकों ने चामडो में तिब्बती सेना को हरा दिया। जब भारत ने विरोध किया तो चीन ने उसके विरोध को दरकिनार कर दिया। इससे भारत और चीन में दरार की शुरूआत हो गई।

उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने तिब्बत की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए नेहरू को एक पत्र लिखा। पटेल के विचार मायने रखते थे। वह महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी और मित्र थे। पटेल के नेतृत्व में, भारत ने 500 से अधिक रियासतों को आत्मसात कर लिया था, जिनमें स्वतंत्रता-पूर्व भारत का 40 प्रतिशत क्षेत्र और 22 फीसद आबादी शामिल थी। इसने पटेल जैसे परम शक्तिशाली उप प्रधानमंत्री को 'भारत के लौह पुरुष' की उपाधि दी थी। दुर्भाग्यवश पटेल की जो विश्वप्रसिद्ध मूर्ति गुजरात में लगी, वो मेड इन चाइना है। जो लोग नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार पटेल की मेड इन चाइना मूर्ति लगाने के फैसले को नमन करते हैं, उसे विवेक शून्य मानसिकता से अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता।

1962 से लेकर 70 के दशक तक चीन से जो हमारे संबंध बिगड़े, उसे 1978 में सुधारने का सबसे पहला प्रयास तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। अटलजी बतौर विदेश मंत्री 22 फरवरी 1979 को पेइचिंग गए। चीन ने सिक्किम और भूटान दोनों पर अपना रुख नरम कर लिया। लेकिन चीन अपने स्वभाव से बाज़ नहीं आया। 1986 में तब तनाव भड़क गया, जब भारतीय सैनिकों को सुमदोरोंग चू घाटी पर चीनी कब्जे का सामना करना पड़ा। चीन से दोस्ती-दुश्मनी का सिलसिला चलता रहा।

1988 में जब तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चीन का दौरा किया, दोनों पक्षों ने बेहतर संबंध स्थापित किए, जो 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद और बेहतर हुए। 1993 में, भारत और चीन ने सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए। अगले दो दशकों तक भारत और चीन किसी भी बड़े टकराव से बचते रहे। 1996 में, दोनों पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा से दो किलोमीटर के भीतर बंदूकों या विस्फोटकों के इस्तेमाल नहीं करने पर भी सहमत हुए। नेताओं ने एक-दूसरे के देशों का दौरा किया, व्यापार बढ़ाया और आपसी सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

ठीक से देखा जाए तो चीनी राष्ट्रवाद हान आबादी की वजह से मज़बूत होता रहा है, चुनांचे हान और हिंदू राष्ट्रवाद के बीच दशकों पहले से एक संवाद शुरू हुआ। हिंदू नेताओं ने जिस उत्साह के साथ चीन के दौरे किये, उसके मूल में हान राष्ट्रवाद को समझने और उसके अनुरूप हिंदू राष्ट्रवाद को जीवट बनाने की उत्कंठा थी। शायद बढ़ता आर्थिक दबाव भी चीन के नए राष्ट्रवाद में योगदान देता रहा है। वहां की लीडरशिप ने चीनी उद्यमियों को निवेश में आगे बढ़ने की अनुमति दी। दूसरा, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा गया, जिससे दूरसंचार, ब्रॉडबैंड, सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण के साथ-साथ अधोसंरचना में भारी निवेश किया। तीसरा, माइक्रो-इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के वास्ते स्टार्टअप को शी सरकार ने खुलकर मदद दी।

पिछले दस वर्षों में पूरी दुनिया के साथ-साथ चीन ने जिस तरह भारत में पांव पसारे, उसे लेकर बड़ा सवाल बनता है। सवाल यह कि भारत ने क्या चीनी अर्थव्यवस्था को सुधारने की ज़िम्मेदारी ले ली थी? चीन के सामान्य सीमा शुल्क प्रशासन द्वारा 7 सितंबर, 2023 को जारी डाटा ही देख लीजिए। आंकड़ों के अनुसार, 2023 के पहले आठ महीनों के दौरान चीन और भारत के बीच व्यापार 619.69 बिलियन युआन (84.49 बिलियन डॉलर) तक पहुंच गया, जो साल-दर-साल 5.2 प्रतिशत अधिक है। चीन-भारत क्रास बॉर्डर व्यापार 2022 में चरम पर रहा है। 905 अरब यूआन का व्यापार तब जब चीनी माल के बहिष्कार का आह्वान किया गया था। यह व्यापार हर साल 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ता गया है। कौन बताएगा इसके पीछे का अर्थशास्त्र?

इस अर्थशास्त्र से अलहदा राजनीति के गलियारों में चीनी फंडिंग को लेकर आरोप-प्रत्यारोप चलते रहे हैं, जिसमें अब मीडिया भी शामिल हो चुका है। चीनी फंडिंग के आरोप पहले कांग्रेस पर लगे, जवाब में कांग्रेस ने बीजेपी पर सवाल चिपका दिया कि चीनी कंपनी हुआवेई ने पार्टी फंड में कितना पैसा दिया था, इसकी जानकारी सार्वजनिक करें। क्या 2019 चुनाव के वास्ते चीन से पैसा आया था? ऐसे तमाम सवाल कांग्रेस के प्रेस कांफ्रेंस से निकल मुख्यधारा की मीडिया में घूमते रहे। सीनाजोरी का सिलसिला सत्ता पक्ष से चलता रहा, मगर सवाल का उत्तर सत्ता के गलियारे में अब भी प्रतीक्षारत है। ऐसे प्रकरण पर सबसे दिलचस्प है दिल्ली स्थित चीनी दूतावास की चुप्पी।

जब मीडिया को कुचलने की बात होती है, आपातकाल का जिन्न बोतल से बाहर निकल आता है। मगर, जिन पुराने पत्रकारों ने देखा है, वो भी स्वीकारते हैं कि आपातकाल में मीडिया को दूसरे ढंग से दबोचा जाता था। अखबारों पर पहरा, विचारों पर गिद्ध दृष्टि गये ज़माने की बात नहीं है। मगर इसमें जो तड़का लगा है, वो है टैक्स हीवेन या दुनिया के दूसरे लोकेशन से आया पैसा। चीन यदि भूल से भी मनी रूट में है, उस मीडिया कंपनी की ख़ैर नहीं। सीरिया, तुर्की या अरब अमीरात से भी आये तो भी उनकी ख़ैर नहीं जो सरकार के आलोचक हैं। मगर, बात यह है कि सरकार एक व्हाइट पेपर जारी क्यों नहीं करती जिसमें देश के सभी मीडिया समूह के लिए आये पैसे का डिटेल हो?

प्रवर्तन निदेशालय ने मीडिया दिग्गज राघव बहल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। राघव बहल एक भारतीय व्यवसायी, टीवर समूहों में निवेशक रहे हैं। वह नेटवर्क18 ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक थे। राघव बहल बाद में द क्विंट डिज़िटल प्लेटफार्म के प्रोमोटर भी बने। अगस्त 2023 तक का अपडेट यह है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विदेश जाने पर जो रोक लगाई थी अदालत ने उसे ख़ारिज़ कर बिज़नेस मीटिंग के लिए बाहर जाने की अनुमति दे दी। द क्विंट पर मुश्कें कसने का क़िस्सा राघव बहल से ही शुरू हो जाता है। जो शाहे वक्त को सलाम करते हैं, उनका पैसा सफेद, बाकियों का पैसा देश की छवि ख़राब करने में लगा है, इस तरह की नैरेटिव गढ़ दी गई।

प्रवर्तन निदेशालय ने पत्रकार राणा अयूब के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने पत्रकार सिद्दीकी कप्पन को भी मनी लॉन्ड्रिंग के केस में दबोच लिया था, जो अब जमानत पर रिहा हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने स्वतंत्र पत्रकार राजीव शर्मा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

इसलिए न्यूज क्लिक की फंडिंग को लेकर केस का अकेला मामला नहीं है। मीडिया कंपनियों के विरूद्ध मनी लॉन्ड्रिंग के केस, छापामारी, गिरफ्तारी के बहुत सारे उदाहरण मिल जाएंगे। जो आज सत्ता की आरती उतार रहे हैं, उनमें दो प्रमुख चेहरे ऐसे भी हैं, जो तिहाड़ रिटर्न हैं। सोशल मीडिया में उनमें से एक तिहाड़ी नाम से मशहूर है। लेकिन ये मनी लॉन्ड्रिंग नहीं ठगी और ब्लैकमेलिंग की वजह से बदनाम हुए हैं।

बताया जाता है कि न्यूज क्लिक का टोटल मामला फंडिंग को लेकर है। मगर सवाल यह है पोर्टल के प्रबंधकों ने कहां से पैसा लिया, उसकी जानकारी किसी पत्रकार या सब-एडिटर या टेक्निकल कर्मचारी को कैसे हो सकती है? बात कर्मचारियों तक नहीं रही। बल्कि वेबसाइट पर लिखने वाले फ्रीलांसरों तक को नहीं बख़्शा गया। खुद दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि 46 संदिग्धों से पूछताछ की गई, और उनमें से कईयों को आगे भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है।

क्या यह न्याय की उचित प्रक्रिया है? इस छापेमारी से यह बताने की कोशिश की गई है कि जो पत्रकार सत्ता के विरूद्ध आक्रामक हैं, उन्हें भी मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामले में लपेटा जाएगा। एक और सच यह है कि इस छापेमारी कांड से पत्रकार बिरादरी दो टुकड़ों में बंटी दीखती है, और एक तीसरा हिस्सा है, जो तटस्थ होने का अभिनय कर रहा है। समय लिखेगा उनका भी अपराध।

4 अक्टूबर को पत्रकारों के विभिन्न संगठनों की ओर से एक संयुक्त पत्र भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को लिखा गया है। इस पत्र में कहा गया है कि मीडिया के खिलाफ सरकार की दमनकारी कार्रवाइयां हद से ज़्यादा बढ़ गई हैं। प्रधान न्यायाधीश से अपील की गई है कि वह मीडिया के विरूद्ध जांच एजेंसियों के बढ़ते दमनकारी उपयोग को समाप्त करने के लिए फ़ौरन हस्तक्षेप करें।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जिन पत्रकार संगठनों ने यह साझा पत्र लिखा है, उसमें डिजीपब न्यूज इंडिया फाउंडेशन, इंडियन वूमेन प्रेस कॉर्प्स, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स, नेटवर्क ऑफ वीमेन इन मीडिया, चंडीगढ़ प्रेस क्लब, नेशनल अलायंस ऑफ जर्नलिस्ट्स, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स, बृहन्मुंबई यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, फ्री स्पीच कलेक्टिव, मुंबई, मुंबई प्रेस क्लब, अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट, प्रेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया, गुवाहाटी प्रेस क्लब शामिल हैं। संगठनों के साझा पत्र में लिखा गया कि तीन अक्टूबर, 2023 को, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पत्रकारों, संपादकों, लेखकों समेत 46 पेशेवरों के घरों पर छापा मारा है। दो टॉप बॉस गिरफ्तार हैं। तो क्या संपूर्ण सोशल मीडिया को डराने की कवायद है यह?

पत्रकारों पर यूएपीए लगाना सचमुच भयावह है। सुप्रीम कोर्ट क्या स्टैंड लेता है, इस पर पूरी दुनिया की नज़र है। उस पर मुहर हम भी नहीं लगाते कि मीडिया में सब कुछ साफ-सुथरा चल रहा है, लेकिन संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बीजेपी के कितने नेता चीन गये? उनके खातों में कितने पैसे चीन-हांगकांग से आये, सरकार इतना भर बता दे!

pushpr1@rediffmail.com

## बीता सप्ताह

**30 सितंबर**
- महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हस्ताक्षर कर नया कानून बनाया।
- पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट में 55 लोगों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अनुपम भार्गव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।
- पाक्सो मामले में विधि आयोग ने केंद्र को सलाह दी कि सहमति से संबंध बनाने की उम्र 18 वर्ष ही रखी जाए।

**1 अक्टूबर**
- एशियाई खेल हांगझाऊ में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपए के नोट बदलने की तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ाई।
- 29 सितंबर को चीन ने दो करोड़ यात्रियों की यात्रा का कीर्तिमान स्थापित किया।
- न्यूयार्क में बाढ़ के कारण आपातकाल घोषित किया गया।

**2 अक्टूबर**
- मुख्य चुनाव आयुक्त संजीव कुमार ने राजस्थान में पहली बार घर से वोट देने की सुविधा देने की बात कही।
- एशियन गेम्स एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने स्वर्ण पदक जीता।
- मालदीव में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार मोहम्मद मोइज्जू ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता।
- भारत की शीर्ष गोल्फर अदिति अशोक हांगझोऊ एशियन गेम्स में व्यक्तिगत गोल्फ स्पर्धा में रजत पदक जीता।

**3 अक्टूबर**
- बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी कर पहला राज्य बना। जनजाति व अनुसूचित जनजाति की आबादी 84 बताई गई।
- हंगेरियन अमेरिकी बायोकेमिस्ट बैटालिक कारिको और अमेरिकी चिकित्सक व वैज्ञानिक डरु पीसमैन को कोविड-19 टीमों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेजर आरएनए तकनीक विकसित करने के लिए मेडीसीन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने नया संविधान बनाने का संकल्प लिया।
- मैक्सिकन शहर स्मूदाद माडेरो में एक चर्च की छत गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई।

**4 अक्टूबर**
- भौतिकी में तीन वैज्ञानिक पियरे एगोस्टिनी फेरेक क्रॉस्त्र और ऐनी एल. हुईलियर को 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में 'न्यूज़क्लिक' का दफ्तर सील कर पत्रकार उर्मिलेश औनियो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा से पूछताछ की।
- एशियन गेम्स में अन्नू रानी ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत की पारूल चौधरी ने एशियन गेम्स में 5 हजार मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता।

**5 अक्टूबर**
- हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में भाला फेंक में भारत के नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण एवं किशोर जैना ने रजत पदक जीता।
- सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में 43 लोग लापता हो गए जिसमें 23 जवान भी शामिल थे।
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज़ ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (एमआईटी) से मौंगीजी बावेंडा, कोलम्बिया विश्वविद्यालय से लुईज़ बुस और नैनो क्रिस्टल टेक्नालॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया।
- फोर्ब्स 2023 द्वारा जारी अमेरिका के 400 लोगों की सूची में सबसे अमीर टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क पहले स्थान पर हैं।


**6 अक्टूबर**
- नार्वे के साहित्यकार जॉन फॉसे को 2023 के नोबेल साहित्य सम्मान से पुरस्कृत करने के लिए नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने घोषणा की।
- हांगझोऊ के एशियाई खेल में भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा, जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीत लिया।
- दीपिका पल्लीवाल और हरिंदर पाल सिंह सिंधु की जोड़ी ने एशियाई खेल में स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता।
- मनी लॉन्ड्रिंग दिल्ली शराब नीति घोटाला में गिरफ्तार आप पार्टी के नेता सांसद संजय सिंह को राउत एवेन्यू कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में भेजा।

## केन्द्र की नीतियां तेजी से बढ़ा रही हैं आम लोगों के लिए आर्थिक संकट

पिछले रविवार को लाखों की संख्या में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर राजधानी नई दिल्ली में जुटे। इस विशाल रैली की खबर मीडिया में महज एक घटना के रूप में वर्णित करने तक ही सीमित थी, जो हमारे देश में व्याप्त गहरी आर्थिक अस्वस्थता को छिपाने का काम ही कर रही थी।

पुरानी पेंशन योजना के अनुसार, एक कर्मचारी अपने अंतिम वेतन का 50प्रतिशत पेंशन के रूप में प्राप्त करने का हकदार था। मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए इस राशि को भी वार्षिक रूप से समायोजित किया जाता था। दूसरी ओर, नई पेंशन योजना सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वह राशि लौटाती है जो पुरानी पेंशन योजना के तहत उन्हें मिलने वाली राशि के आधे से अधिक नहीं होती है। कानून कहता है कि 2004 के बाद सेवा में आये सभी लोग नई पेंशन योजना के तहत आयेंगे।

आज 20 साल बाद पेंशन का मुद्दा विभिन्न राज्यों में चुनावों को प्रभावित करने वाला एक ज्वलंत मुद्दा बन गया है, जो बढ़ती कीमतों और कम आय के साथ भारत में जीवनयापन के गहरे संकट को दर्शाता है। यहां तक कि मध्यम वर्ग के लिए भी आजीविका अधिक दयनीय होती जा रही है। जब नई पेंशन योजना को संसद में लाया गया था, तो सीपीआई (एम) ने इस सिद्धांत का पालन करते हुए कि पेंशन एक कर्मचारी का अधिकार है, न कि खैरात, नई योजना का विरोध किया था। आज हमारे विरोध के कारणों को सही ठहराया जा रहा है।



सीताराम येचुरी

**मोदी सरकार के तहत सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट गठजोड़ मजबूत होने के साथ, देश में उत्पन्न होने वाली अधिकांश संपत्ति पर पूंजीपतियों का कब्ज़ा हो गया है। अडानी मामला इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। देश की संपत्ति को हमारे अधिकांश लोगों की कीमत पर कुछ पूंजीपतियों को समृद्ध करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मोदी की आर्थिक नीतियां दो भारत बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।**

हमारे लोगों की वास्तविक आय में कमी, जीवन को और अधिक दयनीय बनाने के अलावा, देश के आर्थिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। लोगों के हाथों में क्रय शक्ति कम होने से घरेलू मांग कम हो जाती है, निवेश कम हो जाता है, क्योंकि ऐसे निवेश से उत्पादित उत्पादों के लिए कोई बाजार नहीं होता है। निवेश तभी बढ़ता है जब उत्पादित वस्तुओं को मुनाफा कमाने और विकास उत्पन्न करने के लिए बेचा जाता है। मांग के बिना निवेश नहीं बढ़ता और इसलिए आर्थिक विकास नहीं हो सकता। यह आज भारतीय अर्थव्यवस्था को परेशान करने वाली मूलभूत समस्या है।

मोदी सरकार के तहत सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट गठजोड़ मजबूत होने के साथ, देश में उत्पन्न होने वाली अधिकांश संपत्ति पर पूंजीपतियों का कब्ज़ा हो गया है। अडानी मामला इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। देश की संपत्ति को हमारे अधिकांश लोगों की कीमत पर कुछ पूंजीपतियों को समृद्ध करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मोदी की आर्थिक नीतियां दो भारत बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही हैं- अमीरों के लिए एक चमकदार भारत और गरीबों के लिए एक पीड़ित भारत।

लेकिन मोदी स्पिन मशीन का निरंतर प्रचार एक पुनर्जीवित भारत को दुनिया में सकल घरेलू उत्पाद के मामले में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर करता है। चाहे सरकार का नेतृत्व कोई भी करे, वर्तमान सांख्यिकीय रुझानों के आधार पर भारत 2027 में तीसरे स्थान पर होगा। लेकिन सच्चाई प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत की स्थिति में निहित है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत आज दुनिया में 142वें स्थान पर है।

हाल के जी-20 शिखर सम्मेलन का उपयोग भारत को उभरती आर्थिक महाशक्ति के रूप में पेश करने के लिए किया गया था, लेकिन सच्चाई फिर से तथ्यों में निहित है। सभी जी-20 देशों में, भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी सबसे कम है और मानव विकास सूचकांकों के मामले में यह सबसे निचले स्थान पर है। हम अर्थव्यवस्था में सबसे कम श्रम भागीदारी दर भी दर्ज करते हैं, जो बेरोजगारी के उच्चतम स्तर को दर्शाता है।

लोगों की क्रय शक्ति में जारी इस गिरावट का असर व्यापक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। अर्थव्यवस्था में निवेश के नये प्रस्तावों में पिछले वर्ष के मुकाबले सरकारी निवेश में 72.5 प्रतिशत और निजी निवेश में 79.2 प्रतिशत की गिरावट आई है।

'मेक इन इंडिया' की दस साल की शानदार सफलता पर बड़ा शोर मचाया जा रहा है। सत्य क्या है? 2013-14 से विनिर्माण वृद्धि औसतन 5.9 प्रतिशत रही है, जो 12-14प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। विनिर्माण क्षेत्र की जीडीपी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 16.4 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। 2011-12 और 2021-22 के बीच विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियां 12.6प्रतिशत से घटकर 11.6प्रतिशत हो गईं। मोदी ने बड़ी धूमधाम से लाल किले से ओबीसी के लिए विश्वकर्मा परियोजनाओं की घोषणा की और कुशल कारीगरों के लिए 13,000-15,000 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा किया। हालांकि, संसद में जो घोषणा की गई वह अगले पांच वर्षों में पांच प्रतिशत ब्याज दर पर वितरित किए जाने वाले 13,000 करोड़ रुपये के ऋण पैकेज की थी!

ग्रामीण संकट भी बढ़ रहा है। मनरेगा की मांग, जो जीवित रहने के लिए संकट के स्तर को दर्शाती है, पिछले साल 16.3प्रतिशत और 2019-20 से 29.4प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 वास्तविक मजदूरी में नकारात्मक वृद्धि की रिपोर्ट करता है।

इन सबका शुद्ध परिणाम आर्थिक गतिविधियों का सिकुड़ना है। यह परिधान, समुद्री उत्पाद, प्लास्टिक, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-केंद्रित निर्यात में गिरावट में परिलक्षित होता है। वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी तेजी से घट रही है, जिसका मतलब है कि इन क्षेत्रों में घरेलू रोजगार भी तेजी से घट रहा है।

नतीजा यह हुआ कि अगस्त 2023 में बेरोजगारी दर 8.1 फीसदी थी। 2022 में युवा बेरोजगारी (15-24 वर्ष) 23.22 प्रतिशत थी। स्नातकों में बेरोजगारी 42 प्रतिशत है। इस वर्ष अगस्त महीने तक लगभग 2 करोड़ परिवारों ने मनरेगा के तहत काम की मांग की। यह भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का मोदी-प्रेरित विनाश है।

रोजगार घटने के साथ बढ़ती कीमतें भी आती हैं। पिछले कुछ वर्षों से मुद्रास्फीति लगातार आरबीआई की 6 प्रतिशत सहनशीलता सीमा को पार कर गई। इससे भी बुरी बात यह कि यह मुद्रास्फीति भोजन और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है।

इस संकट का संचयी परिणाम सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में परिवारों की वित्तीय संपत्तियों में गिरावट है, जो 2020-21 में 15.4प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 10.9प्रतिशत हो गई है। लोग जीवित रहने के लिए अपने परिवार की चांदी बेच रहे हैं। परिवारों की शुद्ध वित्तीय संपत्ति 11.5प्रतिशत से गिरकर 5.1प्रतिशत हो गई।


लोगों की आय घट रही है, कीमतें बढ़ रही हैं, बेरोजगारी बढ़ रही है और विनिर्माण विकास में गिरावट गहराते आर्थिक संकट को दर्शाती है। जरूरत इस बात की है कि अपने मित्रों के लिए धन की वृद्धि को संरक्षण देना बंद किया जाये और इसके बजाय सार्वजनिक निवेश के लिए राज्य के संसाधनों का उपयोग किया जाये ताकि बहुत आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सके जिससे नौकरियां पैदा होंगी और अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग के स्तर में वृद्धि होगी।

भारत की राष्ट्रीय संपत्ति को लूटकर अपने मुनाफे को अधिकतम करने के लिए विदेशी और घरेलू पूंजी के प्रति मोदी सरकार की पूरी प्रतिबद्धता को देखते हुए, यह संकट और भी बदतर हो सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत की संपत्ति को अर्थव्यवस्था के विकास और लोगों के कल्याण के लिए उत्पादक रूप से निवेश किया जाये, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि भाजपा सरकार और राज्य सत्ता की बागडोर को नियंत्रित न करे।

## भारत-कनाडा तनाव से बिगड़ सकते हैं द्विपक्षीय संबंध

हाल के कई प्रतिशोधपूर्ण और मुंहतोड़ कदमों ने कनाडा और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को खराब कर दिया है। राजनयिकों को निष्कासित करना, यात्रा परामर्श जारी करना, वीज़ा जारी करने पर रोक तथा व्यापार वार्ता रद्द करना, विदेशों में खालिस्तानी एजेंटों को लक्ष्य बनाना और देश में उनकी संपत्तियों को जब्त करना अल्पावधि के उपाय हो सकते हैं, परन्तु दोनों देशों के पास खोने के लिए बहुत कुछ है। खासकर भारत को यहां से सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि निज्जर की हत्या के खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

यह स्थिति और उसके बाद उठाए गए कदम एक टिंडरबॉक्स को प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। हाल ही में 'इंटरवेंशन एंड स्टेट सॉवरेन्टी' पर आयोजित एक सम्मेलन में पूछा गया था कि क्या कनाडाई सिख चरमपंथी और प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजेंटों की भागीदारी के बारे में कनाडाई पीएम के आरोप एक विदेशी शक्ति द्वारा कनाडाई संप्रभुता का उल्लंघन हैं? जवाब आसान है- हां, यह होगा। लेकिन क्या ये आरोप विश्वसनीय हैं? भारत सरकार के अनुसार कनाडा ने आरोपों को साबित करने के लिए अब तक कोई भरोसेमंद सबूत पेश नहीं किए हैं और जांच में भारत का सहयोग मांगा है। जूडी फोस्टर के नेतृत्व में कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा दल ने जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले नई दिल्ली की दो यात्राएं की थीं और हत्या के संबंध में अपने स्थानीय समकक्षों के साथ बैठकें की थीं। जाहिर है, कुछ सबूत साझा किए गए होंगे। हालांकि ये सबूत विश्वसनीय थे या आगे बढ़ने लायक थे- यह तय करना भारतीय पक्ष पर छोड़ दिया जाएगा। इस मामले में दोनों पक्षों पर संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन का मामला लागू होता है।



डॉ. मलय मिश्रा

**विदेशी धरती पर पुनर्जीवित हो रहे खालिस्तानी आंदोलन का बढ़ता प्रसार। भारत सरकार को सोचना होगा कि इससे किस तरह निबटा जाना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि इससे निबटने के तरीकों और नतीजों से दीर्घकालिक नुकसान हो। इसलिए भारत के लिए कूटनीतिक रूप से बुद्धिमत्तापूर्ण होगा कि वह इस मुद्दे को सभी संभावित मंचों पर उठाए।**

यह प्रश्न कई परस्पर विरोधी मुद्दों को उठाता है जो सामान्य रूप से भू-राजनीतिक हैं, व्यापार, आर्थिक, डायस्पोरिक और यहां तक कि ऐतिहासिक विचारों से गुजरते हैं। यह काफी हद तक भारत-कनाडा के तनावपूर्ण संबंधों के भविष्य की कल्पना करने पर टिका है जिसमें खालिस्तान मुद्दा वह खूंटा है जिस पर यह मौजूदा विवाद जुड़ा हुआ है। 1980 के दशक में स्वर्ण मंदिर पर हमले और कट्टरपंथी सिख नेता भिंडरावाले को बाहर निकालने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दी गई थी और इसके बाद सिख विरोधी दंगे हुए थे। यह मुद्दा इतिहास में दफन हो चुका है और आज पंजाब में इसका कोई महत्व नहीं है।

हालांकि कनाडा में चार दशकों से अधिक समय से खालिस्तान का मुद्दा गरमाया हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में यह बढ़ गया है और हिंसक रूप ले चुका है। जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा कनाडा के खालिस्तानी समूहों को समर्थन उसकी घरेलू मजबूरियों के कारण है। उनकी लिबरल पार्टी को खालिस्तानी नेता जगमीत सिंह के नेतृत्व वाली न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन प्राप्त है। कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका में सिख प्रवासियों के छोटे से तबके में खालिस्तानी मुद्दे को पुनर्जीवित किया गया है। इसकी वजह से भारतीय राजनयिकों को जान से मारने की धमकी मिली है और राजनयिक मिशनों में तोड़फोड़ की गई है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पिछले जुलाई में आगजनी के हमले में बच गया था। इसके अलावा सिख फॉर जस्टिस समूह के नेता पन्नुन ने हाल ही में हिंदुओं से कनाडा छोड़ने को कहा था। कनाडा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे भारतीय प्रवासियों के बीच सौहार्द्र बिगाड़ने का यह शर्मनाक प्रयास है। कनाडा सरकार की आंखों के सामने में ही एसएफजे ने भारत में खालिस्तानी राज्य की स्थापना के लिए पिछले महीने एक जनमत संग्रह का आयोजन भी किया था। खालिस्तानी नेताओं के प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार के कई अनुरोधों पर कनाडा सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है जिसके बाद भारत ने आरोप लगाया है कि अलगाववादी नेताओं के लिए कनाडा एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में 18 जून को निज्जर की हत्या के 3 महीने बाद पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जब कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में विस्फोटक बयान दिया कि हत्या में भारत का हाथ है तो एक मामले ने अलग मोड़ ले लिया। भारत सरकार ने इन आरोपों को 'बेतुका' और 'दुर्भावना से प्रेरित' बताते हुए खारिज कर दिया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक हाल की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सरकार ने ओटावा में भारतीय मिशन में इंटरसेप्ट किए गए संदेश के आधार पर कनाडा के साथ खुफिया जानकारी साझा की थी। इसके तुरंत बाद अमेरिकी सरकार के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भारतीय अधिकारियों से कनाडाई सरकार के साथ 'जवाबदेही पूर्ण' सहयोग का आह्वान करते हुए कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने 'किसी भी देश के लिए किसी भी विशेष छूट' से इनकार किया। ये दोनों नेता भारत के साथ दोस्ताना रुख रखने वाले माने जाते हैं। फाइव आईज़ गठबंधन के एक मुखर सदस्य के रूप में अमेरिकी सरकार के इस रुख की घरेलू आलोचक यह कह कर आलोचना कर सकते हैं कि वह भारत में लोकतांत्रिक संस्थाओं के पतन, मानवाधिकारों के उल्लंघन और अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार के बावजूद इस क्षेत्र में चीन के मुकाबले के रूप में भारत को समर्थन देने की अपनी रणनीति के कारण भारत के प्रति बहुत नरम रवैया अपना रही है।

इन सभी झटकों के बीच मुख्य मुद्दा सामने आता है वह है विदेशी धरती पर पुनर्जीवित हो रहे खालिस्तानी आंदोलन का बढ़ता प्रसार। भारत सरकार को सोचना होगा कि इससे किस तरह निबटा जाना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि इससे निबटने के तरीकों और नतीजों से दीर्घकालिक नुकसान हो। इसलिए भारत के लिए कूटनीतिक रूप से बुद्धिमत्तापूर्ण होगा कि वह इस मुद्दे को सभी संभावित मंचों पर उठाए।

कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि निज्जर की हत्या कनाडाई खालिस्तानी समुदाय के भीतर एक आंतरिक झगड़े का परिणाम हो सकती है। 'वाशिंगटन पोस्ट' ने एक खबर चलाई थी जिसमें कहा गया था कि निज्जर की हत्या में दो लोगों और एक वाहन के बजाय छह व्यक्ति तथा दो वाहन शामिल थे। जो भी हो, भारत सरकार के पास दो विकल्प हैं- या तो वह सार्वजनिक रूप से जनता के सामने जाए और कानून के शासन के पालन के साथ एक लोकतंत्र के रूप में भारत की बेगुनाही का जोरदार दावा करे या शांत कूटनीति अपनाए और सरकारी व गैरसरकारी चैनलों के माध्यम से कनाडा सरकार के साथ सीधे बात करे तथा मामले को सुलझाए। अपनी प्रमुख बाहरी खुफिया एजेंसी के संदेह के घेरे में होने के साथ अगर भारत विदेशी धरती पर, विशेष रूप से उदार लोकतंत्रों में भारतविरोधी तत्वों को मारने वाले 'कपटी देश' की ख्याति अर्जित करता है तो यह दोगुना गंभीर मामला होगा।

भारत को घेरने के लिए उठाए गए कदमों पर अपने सहयोगियों की ठंडी प्रतिक्रिया के बाद कनाडा सरकार ने कुछ कदम पीछे खींच लिए गए हैं लेकिन दिल्ली को खालिस्तान समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने अपने उद्देश्य के लिए भौगोलिक सीमाओं से परे गठबंधन किया है। स्कॉटलैंड स्थित गुरुद्वारे से भारतीय उच्चायुक्त की जबरन वापसी इसका एक उदाहरण है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा में भारतीय प्रवासियों का बढ़ता ध्रुवीकरण भारत की विदेश नीति प्रबंधन में अत्यधिक तनाव पैदा कर सकता है। सरकार द्वारा हाल ही में कनाडा के 41 राजनयिकों को भारत छोड़ने के लिए भेजे गए पत्र से व्यापार और निवेश, शिक्षा और पर्यटन के गंभीर रूप से बाधित होने के साथ द्विपक्षीय संकट और बढ़ सकता है।

(लेखक सेवानिवृत्त राजनयिक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**राजस्थान, मप्र व केन्द्र को....** इस बेंच में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली भी थे। फ्रीबीज मामले की सुनवाई पूर्व चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुआई में तीन सदस्यीय बेंच ने अगस्त 2022 में शुरू की थी। इस बेंच में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली भी थे। चुनाव आयोग ने कहा था फ्री स्कीम्स की परिभाषा आप ही तय करें सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 11 अगस्त को चुनाव आयोग ने कहा था कि फ्रीबीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले फ्रीबीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाए बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट ही तय करें कि फ्री स्कीम्स क्या हैं और क्या नहीं। इसके बाद हम इसे लागू करेंगे।

महिला जजों की संख्या में.... कि हम कुछ खुशखबरी साझा करना चाहते हैं। यहां अदालत कक्ष में महाराष्ट्र के सिविल जज जूनियर डिवीजन के 75 न्यायाधीश हैं। 75 जजों के बैच में से 42 महिलाएं और 33 पुरुष हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ मामले की सुनवाई के लिए बेंच में बैठे सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा यह चलन पूरे देश में दिख रहा है। महिला न्यायाधीशों की संख्या अधिक है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह दोपहर के भोजन के दौरान महिला न्यायाधीशों सहित सभी न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात का प्रयास करेंगे। चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे समेत कुछ वकीलों ने सीजेआई से शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की अपील की।

**मध्यप्रदेश को विकास में नंबर....** मध्यप्रदेश में अन्न के भंडार भर दिए हैं। मध्यप्रदेश सबसे ज्यादा गेहूँ निर्यात करने वाला प्रांत बना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। लाड़ली बहना योजना सामाजिक क्रांति सिद्ध हुई है। प्रदेश में एक करोड़ 32 लाख बहनों के खातों में राशि अंतरित की जा रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ भी 46 लाख बेटियों को मिल रहा है। स्व-सहायता समूह के सदस्यों की संख्या 53 लाख है। विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी जैसी सुविधाएं दी जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा लोगों की जिंदगी आसान बनाना है। अपना मध्य प्रदेश समृद्ध और विकसित मध्य प्रदेश है। इसमें सामाजिक न्याय हमें देना है। सामाजिक न्याय का अर्थ संसाधनों का लाभ गरीबों को मिलना है। कुछ लोग कहते हैं कि निर्धनों को मुफ्त राशन क्यों दिया जा रहा, लेकिन सामाजिक क्रांति का अर्थ यही है कि राज्य के संसाधनों से जो आय अर्जित होती है, उसका अंश ऐसे लोगों को दिया जाए जिन्हें वास्तव में इसकी जरूरत है। प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, सहरिया और भारिया की बहनों को आहार अनुदान योजना की राशि देना प्रारंभ की गई थी। इससे उनके परिवारों के बच्चों का पोषण ठीक हो गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना इसी सिद्धांत पर बनी ताकि बहनें परिवार की हालत ठीक कर सकें।

**बिहार में जातीय गणना के....** जिसमें बिहार में जाति सर्वेक्षण को मंजूरी दी गई थी। इसने मामले में अगली सुनवाई जनवरी में होगी। दरअसल, याचिकाकर्ता ने जातिगत जनगणना का विरोध किया है। तीन अक्तूबर को याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि बिहार सरकार ने जाति सर्वेक्षण के आंकड़े प्रकाशित कर दिए हैं। ऐसे में इस पर जल्द सुनवाई की जानी चाहिए। इस पर अदालत ने सुनवाई के लिए छह अक्तूबर की तारीख दी थी।

**नाजुक दौर से सशक्त दौर में....** कहा कि कोविड महामारी के दौर में भारत ने अपना टीका विकसित करके न केवल 200 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाई बल्कि अन्य देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न क्षेत्र उत्पादन के लिए खोले गए और विशेषकर रक्षा क्षेत्र में एक लाख करोड़ से अधिक का उत्पादन होने लगा है। भारत अब रक्षा के क्षेत्र में आयातक की श्रेणी से बाहर निकलकर उत्पादन करते हुए निर्यातक की श्रेणी में पहुंच रहा है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत अब एक चमकते सितारे के रूप में उभरा है। महंगाई दर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 9 साल पहले महंगाई की दर 13 प्रतिशत थी जो अब घटकर 4.5 प्रतिशत रह गई है। देश में बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भारत में विदेशी मुद्रा भंडार कई गुना बढ़ चुका है। विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों का उल्लेख करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन जैसी अनूठी पहलों के चलते महिलाओं की जीवनशैली में आमूलचूल बदलाव आया है। श्री ठाकुर ने कहा कि दुनिया में सबसे सस्ता डेटा वाले देश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराने वाली मुद्रा लोन योजना की शुरुआत की गई जिससे युवाओं को रोजगार मिला है। इसके अलावा स्ट्रीट वेंडरों के उत्थान के लिए स्वनिधि योजना शुरू की गई और उसका लगातार विस्तार किया जा रहा है। देश में तेजी से बढ़ रहे डिजिटलाइजेशन का जिक्र करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि आज फोन में ही सर्टिफिकेट रखे जा सकते हैं और विदेशों में भी डेबिट कार्ड का उपयोग किया जा सकता है और भारतीय रुपये विश्व स्तर पर लेन-देन संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन के चलते बैंकों में धोखाधड़ी रुकी है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मुनाफा कई गुना बढ़ा है। श्री अनुराग ठाकुर ने विशिष्ट क्षेत्रों में पिछले 9 सालों में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन की श्रेणी में आने के साथ ही डीबीटी के जरिए भ्रष्टाचार को रोकने में सफल हुआ है। डीबीटी के जरिए देश में 32 लाख करोड़ का लाभार्थियों के खातों में सीधे भुगतान अंतरित किया गया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सम्मान के लिए 11 करोड़ से अधिक शौचालय बनाने के साथ ही आवासहीनों के लिए 4 करोड़ से अधिक पीएम आवासों का निर्माण किया गया है। एमएसएमई और डिजिटल इकॉनमी में अभूतपूर्व कदम रखते हुए 12 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित किए गए हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 8 करोड़ नए उद्यमी बने हैं वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना के अंतर्गत 35 करोड़ से अधिक लोग पंजीकृत हुए हैं। श्री ठाकुर ने बताया कि भारत में बने लड़ाकू एयरक्राफ्ट तेजस मार्क-1 की आपूर्ति के लिए 100 आदेश अब तक मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत चंद्रयान-3 के माध्यम से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने के साथ ही सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल-1 के माध्यम से छलांग लगा चुका है। श्री ठाकुर ने एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम को स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए बधाई दी।


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना (म.प्र.)

**दूरभाष क. 07732-252084 ई.मेल eephedpan@nic.in**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 59/2023-24 दिनांक 03.10.2023**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत निम्नांकित ग्रामों की रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में (अधूरे कार्य) बैलेंस वर्क सम्पवेल निर्माण / आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी निर्माण का शेष कार्य, पाईप लाईन, मोटर पंप स्थापना, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन आदि कार्य इस प्रकार करना कि पूर्व में किये गये कार्य एवं शेष कार्यों को पूर्ण करते हुए योजना समेकित रूप से स्वीकृत योजना के अनुरूप क्रियान्वित हो सके। इस हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित है। जिनके फार्म ऑनलाईन क्रय करने एवं निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 11.10.2023 शाम 5.30 बजे तक निर्धारित है तथा निविदा खोलने की तिथि 13.10.2023 प्रात: 11.00 बजे निर्धारित है। निविदा से संबंधित समस्त संशोधन उक्त वेबसाईट पर ही उपलब्ध होंगे, जिन्हें पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

| स. क्र | टेण्डर आई.डी. क्र. | ग्राम विकासखंड का नाम | निविदा की कुल लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण की समयावधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2023_PHED_314525_1 (Eighth Call) | बड़गांव, विकासखंड पन्ना | 128.29 | 128290 | 12500 | चार माह |
| 2 | 2023_PHED_314532_1 (Sixth Call) | चिकलहाई, पगरा छोटा, खमरी विकासखंड गुनौर | 111.40 | 111400 | 12500 | छ: माह |
| 3 | 2023_PHED_314540_1 (Sixth Call) | गड़ोखर विकासखंड गुनौर | 78.13 | 78130 | 10000 | छ: माह |
| 4 | 2023_PHED_314547_1 (Third Call) | कमताना, विकासखंड गुनौर | 75.23 | 75230 | 10000 | दो माह |

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना**

जी-20980/23



### म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता ( संचा. / संधा.) संभाग, बण्डा

दूरभाष क्रं. 07583-252242,253011

क्रमांक- 155/4600 / क्रय / 2271 बण्डा, दिनांक 05.10.2023

**विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना**

सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया किया जाता है, कि म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. संचा. / संधा. संभाग बण्डा में 11 के.व्ही. लाइन में दीपावली पूर्व संधारण कार्य हेतु शट-डाउन किया जाना है। जिससे संबंधित आसपास के क्षेत्र एवं गांव की विद्युत सप्लाई समय सुबह 8.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक अवरूद्ध रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्रं. | आपूर्ति बंद रहने का दिनांक/ दिन | 33 KV/11 KV लाइन | प्रभावित उपकेन्द्र एवं संबंधित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 08.10.2023 | 11 केव्ही बण्डा शहर फीडर | वि.के. बण्डा शहर अंतर्गत संजय कालोनी, शांतिनगर जैन मंदिर, बरा चौराहा से 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बण्डा तक | श्री व्ही.के. सोनी कनिष्ठ अभियंता | 9425613965 |
| 2 | 08.10.2023 | 11 केव्ही वाटर वर्क्स फीडर | वि.के. बण्डा शहर अंतर्गत सागर रोड बंडा, बांदरी रोड, कॉलेज रोड, सांईनाथ मंदिर, बरायठा तिगड्डा, बरा चौराहा से कन्या शाला | श्री व्ही.के. सोनी कनिष्ठ अभियंता | 9425613965 |
| 3 | 09.10.2023 | 11 केव्ही बण्डा शहर फीडर | वि.के. बण्डा शहर अंतर्गत जेल, संजय कॉलोनी, कन्या शाला, खुशीपुरा, श्यमशान घाट, अस्पताल, वार्ड क्रं. 12, 13, 14 | श्री व्ही.के. सोनी कनिष्ठ अभियंता | 9425613965 |
| 4 | 09.10.2023 | 11 केव्ही बण्डा बरा घरेलू फीडर | वि.के. बण्डा ग्रामीण के बण्डा - बरा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री धर्मेन्द्र कुमार जैन कनिष्ठ अभियंता | 9425613963 |
| 5 | 09.10.2023 | 11 केव्ही दलपतपुर फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़ के दलपतपुर घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 6 | 09.10.2023 | 11 केव्ही मगरधा फीडर घरेलू | वि.के.मगरधा के मगरधा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री आर.के. सरयाम कनिष्ठ अभियंता | 9425613967 |
| 7 | 10.10.2023 | 11 केव्ही पटौआ फीडर घरेलू | वि.के. भड़राना के पटौआ घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री अनरथ सिंह ठाकुर कनिष्ठ अभियंता | 9425613911 |
| 8 | 10.10.2023 | 11 केव्ही शाहपुर फीडर घरेलू | वि.के. शाहपुर, शाहपुर घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री रवि सोलंकी कनिष्ठ अभियंता | 9425613950 |
| 9 | 10.10.2023 | 11 केव्ही सानौधा फीडर घरेलू | वि.के. कर्रापुर के सानौधा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री अच्छे लाल तिवारी सहायक अभियंता | 9425613964 |
| 10 | 10.10.2023 | 11 केव्ही छपरी-बण्डा घरेलू फीडर | वि.के. बण्डा ग्रामीण के छापरी-बण्डा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री धर्मेन्द्र कुमार जैन कनिष्ठ अभियंता | 9425613963 |
| 11 | 10.10.2023 | 11 केव्ही उल्दन-पिपरिया फीडर घरेलू | वि.के. बहरोल के उल्दन-पिपरिया घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री अमर सींग ठाकुर कनिष्ठ अभियंता | 7773001871 |
| 12 | 11.10.2023 | 11 केव्ही बरायठा फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़ के बरायठा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 13 | 11.10.2023 | 11 केव्ही गूगरा फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़, के गूगरा फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 14 | 12.10.2023 | 11 केव्ही किशनपुरा फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़ के किशनपुरा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 15 | 12.10.2023 | 11 केव्ही हीरापुर फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ, के हीरापुर फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 16 | 12.10.2023 | 11 केव्ही सानौधा फीडर कृषि | वि.के. कर्रापुर के सानौधा कृषि फीडर के समस्त ग्राम | श्री अच्छे लाल तिवारी सहायक अभियंता | 9425613964 |
| 17 | 13.10.2023 | 11 केव्ही छापरी कृषि फीडर | वि.के. बण्डा ग्रामीण के छापरी कृषि फीडर के समस्त ग्राम | श्री धर्मेन्द्र कुमार जैन कनिष्ठ अभियंता | 9425613963 |
| 18 | 13.10.2023 | 11 केव्ही खटौरा फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़, के खटौरा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 19 | 13.10.2023 | 11 केव्ही रूरावन-रजौला फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ, के रूरावन-रजौला घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 20 | 14.10.2023 | 11 केव्ही गोमतपुर फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़, के गोमदपुर फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |

नोट:-उच्चदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त दिवस में विद्युत प्रवाह बंद होने पर आपसे अनुरोध है, कि अपनी वैकल्पिक व्यवस्था करने का कष्ट करें। आवश्यकतानुसार समय एवं कार्यक्रम में परिवर्तन किया जा सकता है। विद्युत का वैधानिक उपयोग करें।

बिजली संबंधी सभी शिकायतों को 1912 नि:शुक्ल नम्बर पर दर्ज करें।

पेपरलेस बिलिंग योजना के तहत विद्युत बिल प्राप्त करने हेतु अपना मोबाईल नंबर 1912 पर नि:शुल्क रजिस्टर्ड करायें ।

**कार्यपालन अभियंता**
**संचा./ संधा. संभाग बण्डा**



### कार्यालय नगर पालिका परिषद बीना इटावा जिला सागर (म. प्र. )

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक / 1908 से 1917/2023 बीना इटावा, दिनांक 05.10.2023

कार्य हेतु ऑन लाईन टेंडर साइट के पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि रु. में | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_315300_1 06.10.2023 | राजीव गांधी वार्ड में हाउसिंग बोर्ड पार्क से ग्रेसी मेडम के घर तक नाली निर्माण कार्य । | 04 माह 466054/- | 2000/- 4660/- | 25.10.2023 |
| 2 | 2023_UAD_315301_1 06.10.2023 | नानक वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 04 माह 691341/- | 2000/- 6913/- | 25.10.2023 |
| 3 | 2023_UAD_315303_1 06.10.2023 | भगतसिंह वार्ड में बलवीर यादव से मंगल यादव के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य । | 04 माह 436390/- | 2000/- 4364 | 25.10.2023 |
| 4 | 2023_UAD_315304_1 06.10.2023 | भगतसिंह वार्ड में दुलारे अहिरवार के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 04 माह 604233/- | 2000/- 6042/- | 25.10.2023 |
| 5 | 2023_UAD_315305_1 06.10.2023 | जागेश्वरी कॉलोनी गली नं. 06 में बी.टी. रोड निर्माण कार्य | 04 माह 1442751/- | 2000/- 10821/- | 13.11.2023 |
| 6 | 2023_UAD_315307_1 06.10.2023 | इंदिरा गाँधी वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड़ व नाली निर्माण कार्य | 04 माह 1169295/- | 2000/- 8770/- | 13.11.2023 |
| 7 | 2023_UAD_315309_1 06.10.2023 | भगतसिंह वार्ड में चाँदबाड़ी के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 04 माह 391632/- | 2000/- 3916/- | 25.10.2023 |
| 8 | 2023_UAD_315312_1 06.10.2023 | राजीव गांधी वार्ड एकता कॉलोनी में आशिक के घर से देवू की चक्की तक नाली निर्माण कार्य । | 04 माह 998271/- | 2000/- 9983/- | 25.10.2023 |
| 9 | 2023_UAD_315315_1 06.10.2023 | आचवल वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड़ व नाली निर्माण कार्य । | 04 माह 1629652/- | 2000/- 12222/- | 13.11.2023 |
| 10 | 2023_UAD_315316_1 06.10.2023 | गांधी वार्ड में गली नं. 06 से जीपीएस स्कूल तक नाला निर्माण कार्य । | 04 माह 1674946/- | 2000/- 12562/- | 13.11.2023 |

शर्तें एवं जानकारी http://www.mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका की लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं, संशोधन होने पर केवल वेवसाइट पर प्रदर्शित किया जावेगा।

**सभापति लोक निर्माण शाखा** | **अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बीना** | **उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बीना** | **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बीना**



### आम सूचना

प्रमाणित किया जाता है कि वाहन क्रं. MP35 AA 2126 जो मेरे स्वर्गीय पति भैयाराम यादव के नाम पर था पति की मृत्यु हो जाने से चल अचल एवं वाहन की पूर्ण उत्तराधिकारी मैं उनकी इकलौती पत्नी हूं। भविष्य में वाहन के अतरण के संबंध में किसी को भी कोई आपत्ति होने की स्थिति में 10 दिवस में सूचित करें। अन्यथा वाहन मेरे नाम किया जाये। समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी।

**प्रार्थिनी**
**कौशा यादव पत्नी स्व. भैयाराम यादव**
**ग्राम बिलाही तह. अजयगढ़ पन्ना**



क्रमांक 2715001/2014/ ई.डी.पी. / ई-टेंडरिंग / 406 / 1450

### कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcellencwrd.bpl@mp.gov.in फोन - 0755-2553402 फैक्स - 0755-2552406

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक- 557 / 2715001/ई.डी.पी. / 2021-22/ प्र.अ./ ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 05.10. 2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 26.10.2023 को 17.30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है ।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_WRD_ 294387 | बाणसागर पुरवा नहर के आर.डी. 5.25 कि.मी. से आर.डी. 109.35 कि. मी. तक स्थापित क्रास रेग्यूलेटर, एच. आर. एवं स्केप गेटों का मरम्मत कार्य | शहडोल | 2.32 |
| 2 | 2023_WRD_ 294388 | बाणसागर सी.डब्ल्यू.सी. नहर के आर.डी. 35.00 कि.मी. पर स्थापित क्रास रेग्यूलेटर, एच. आर. एवं स्केप गेटों का मरम्मत कार्य । | शहडोल | 0.64 |
| 3 | 2023_WRD_ 294389 | बाणसागर परियोजना अंतर्गत गुढ-मउगंज उद्वहन सिंचाई योजना रीवा के 33/6.6 के. व्ही.सब स्टेशन का मरम्मत का कार्य । | शहडोल | 0.99 |
| 4 | 2023_WRD_ 294390 | महान परियोजना गुलाब सागर बांध खड्डी में स्थापित डी.जी. सेट (100 एवं 200 के.व्ही.ए) 02 नग के मरम्मत एवं रखरखाव से संबधित कार्य। | शहडोल | 0.99 |
| 5 | 2023_WRD_ 302025 | बरियारपुर बांयी नहर सिंचाई परियोजना के 23 नग केनाल गेटों का मरम्मत एवं अन्य कार्य । | सागर | 2.35 |
| 6 | 2023_WRD_ 302027 | रनगंवा सिंचाई परियोजना के 12 नग केनाल गेटों का मरम्मत एवं अन्य कार्य | सागर | 1.26 |
| 7 | 2023_WRD_ 302028 | उर्मिल दांयी नहर सिंचाई परियोजना के 11 नग केनाल गेटों का मरम्मत एवं अन्य कार्य । | सागर | 1.24 |
| 8 | 2023_WRD_ 311411 | कुवंरपुरा लघु सिंचाई तालाब के शीर्ष कार्यो का वार्षिक मरम्मत कार्य । | गुना | 1.58 |
| 9 | 2023_WRD_ 311412 | गोमुख लघु सिंचाई तालाब के शीर्ष कार्यो का वार्षिक मरम्मत कार्य । | गुना | 3.68 |
| 10 | 2023_WRD_ 311448 | म.प्र. राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्रधिकरण से सीप-अम्बर सिंचाई काम्प्लेक्स परियोजना फेस-2 के पर्यावरण क्लीयरेंस का कार्य। | सीहोर | 9.53 |
| 11 | 2023_WRD_ 311851 | शाहपुरा बैराज की गेबियन स्ट्रक्चर में मिट्टी कार्य । | रायसेन | 19.94 |
| 12 | 2023_WRD_ 312090 | संभागीय कार्यालय का मरम्मत एवं पुताई तथा पेन्टिंग का कार्य । | रायसेन | 5.18 |
| 13 | 2023_WRD_ 312265 | भिण्ड मुख्य नहर राय की पाली के नाला पर पुलिया मरम्मत का कार्य । | भिंड | 5.90 |
| 14 | 2023_WRD_ 312451 | संजय सागर बांध हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | भोपाल | 2.65 |
| 15 | 2023_WRD_ 312452 | सगड़ बांध हेतु अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | भोपाल | 1.64 |
| 16 | 2023_WRD_ 312454 | बनेठा एल.आई.एस कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | भोपाल | 2.85 |
| 17 | 2023_WRD_ 312455 | सतपाड़ा एल.आई.एस कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | भोपाल | 2.51 |
| 18 | 2023_WRD_ 312457 | लाईट मशीनरी एवं वि. / यां. उपसंभाग क्र.02, भोपाल हेतु उपयोगिता वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.58 |
| 19 | 2023_WRD_ 312458 | कोलार बांध हेतु हाई-मास्ट का सुधार कार्य । | भोपाल | 5.00 |
| 20 | 2023_WRD_ 312459 | वडियानाला बांध, की आर.डी. 13 आर से 25 आर तक 06 नग नहर गेटों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | भोपाल | 1.68 |
| 21 | 2023_WRD_ 312502 | उपसंभाग क्र.4 बाड़ी के कोलार भंडार की अनुपयोगी सामग्री का विक्रय । | नर्मदापुरम | 0.87 |
| 22 | 2023_WRD_ 312504 | उपसंभाग बैतूल एवं आमला के 1 मध्यम जलाशय एवं 6 लघु जलाशय की 32 नग नहरो के गेटों का मरम्मत, रखरखाव, आईलिंग एवं ग्रीसिंग का कार्य | नर्मदापुरम | 1.38 |
| 23 | 2023_WRD_ 312536 | कोलार कॉलोनी, भोपाल में वि/यां. वर्कशाप के सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | भोपाल | 19.80 |
| 24 | 2023_WRD_ 312587 | अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 0.00 से 81.740 कि.मी. तक एवं 22 एल./ए.बी.सी. की आर.डी. 0.00 सं 18.50 कि.मी. तक सफाई एवं रखरखाव कार्य । | मुरैना | 9.09 |
| 25 | 2023_WRD_ 312949 | तरपेड़ नहर के संचालन एवं संधारण कार्य। | छतरपुर | 3.42 |
| 26 | 2023_WRD_ 312989 | निपानिया तालाब के बांध एवं नहर का मरम्मत कार्य। | शाजापुर | 4.73 |
| 27 | 2023_WRD_ 313001 | टिल्लर बांध की दांयी नहर का मरम्मत कार्य। | शाजापुर | 4.89 |
| 28 | 2023_WRD_ 313003 | चिल्लर बांध की दांयी नहर का मरम्मत कार्य । | शाजापुर | 4.92 |
| 29 | 2023_WRD_ 313004 | टिल्लर बांध की बांयी नहर का मरम्मत कार्य । | शाजापुर | 4.96 |
| 30 | 2023_WRD_ 313005 | चिल्लर बांध की बांयी नहर का मरम्मत कार्य। | शाजापुर | 4.86 |
| 31 | 2023_WRD_ 313007 | कछाल बांध की मुख्य नहर का मरम्मत कार्य । | शाजापुर | 4.59 |
| 32 | 2023_WRD_ 313311 | जल संसाधन भवन भोपाल में एलिवेटर का वार्षिक आपरेशन एवं मेन्टेनेन्स कार्य । | भोपाल | 9.45 |
| 33 | 2023_WRD_ 313485 | रतहरा तालाब के फीडर पाईप लाईन का निर्माण कार्य । | रीवा | 19.76 |
| 34 | 2023_WRD_ 313690 | बाणसागर वि/यां. उपसंभाग क्र.1 रीवा के 05 नग वाहनों एवं मशीनों का विक्रय । | शहडोल | 0.73 |
| 35 | 2023_WRD_ 313691 | महान परियोजना गुलाब सागर रेस्ट हाउस खड्डी में ए.सी. का मरम्मत एवं सुधार कार्य । | शहडोल | 0.99 |
| 36 | 2023_WRD_ 313692 | बाणसागर कॉलोनी देवलोंद की पेयजल व्यवस्था हेतु 04 नग बोर वेलों की सफाई का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | शहडोल | 0.85 |
| 37 | 2023_WRD_ 313695 | बाणसागर पुरवा नहर के आर.डी. 5.25 कि.मी. में स्थापित 2 नग सी. आर. गेट के इलेक्ट्रिकली ऑपरेटेड हॉइस्ट गियर असेंबली का मरम्मत कार्य । | शहडोल | 2.84 |
| 38 | 2023_WRD_ 314021 | कार्यालय मुख्य अभियंता, गंगा कछार, रीवा के मीटिंग हाल हेतु कान्फ्रेन्स यूनिट एवं साउन्ड सिस्टम के स्थापन एवं मरम्मत कार्य । | रीवा | 0.79 |
| 39 | 2023_WRD_ 314044 | राजघाट बायी. नहर की आर.डी. 28005 मी. एक्वाडक्ट के 3 डी मॉडल एवं लोबर ओर बांध के 3 डी मॉडल निर्माण एवं अध्ययन कार्य लोबर ओर बांध के 3 डी मॉडल निर्माण । | भोपाल | 11.94 |
| 40 | 2023_WRD_ 314205 | तवा परियोजना अंतर्गत बायी तट मुख्य नहर की चैन 121,214, एवं 244 के सी.डी. मरम्मत का कार्य । (आठवां आमंत्रण) | नर्मदापुरम् | 5.68 |
| 41 | 2023_WRD_ 314649 | गुरमा जलाशय के नहर गेटों के वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | रीवा | 2.70 |
| 42 | 2023_WRD_ 314651 | कार्यालय मुख्य अभियंता, गंगा कछार, रीवा में पेयजल हेतु सप्लाई लाईन के निर्माण। | रीवा | 0.99 |
| 43 | 2023_WRD_ 314990 | भानपुरा नहर परियोजना की बांयी तट नहर यूनिट-2 की वार्षिक मरम्मत कार्य। | मंदसौर | 19.79 |
| 44 | 2023_WRD_ 315041 | कोपरा मध्यम सिंचाई परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव का ऑकलन। (चतुर्थ आमंत्रण) | सागर | 19.45 |
| | | | **कुल योग** | **234.97** |

जी-20998/23

**मुख्य अभियंता ( प्रोक्योरमेंट )**

# कदवा गोली कांड में 3 आरोपी गिरफ्तार, मंदिर के पुजारी बदलने को लेकर हुआ था विवाद



**जतारा, देशबन्धु।** कंदवा गांव में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार के सामने मंदिर के पुजारी बदलने को लेकर विवाद में गोली चलाने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जबकि घटना में शामिल अओ तीन आरोपीयों अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है, जिनकी गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब है कि थाना जतारा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम कदवा में हनुमान मंदिर के पुजारी बदलने को लेकर लम्बे समय से दो पक्षों में विवाद चल रहा था, जिसको लेकर रज्जन पटेरिया के चाचा रघुवीर पटेरिया कुछ ग्रामीण के साथ धरने पर बैठे गये थे।

जबकि गांव के अस्सी प्रतिशत ग्रामीण बाबूलाल तिवारी को ही पूजा करने के लिए पुजारी रखना चाहते थे, जिसको लेकर गांव में पंचायत आयोजित की गई थी, तभी रज्जन पटेरिया और रामकिशोर पटेरिया के परिजनों के बीच विवाद हो गया था। जिसमें मौके पर विवाद को हल करने के लिए मौके पर तहसीलदार अजय झां, तथा जतारा थाना पुलिस की मौजूदगी में विवाद के दौरान गोली चलने से आधा दर्जन लोगों घायलों हो गई थे। जिसमें राजेंद्र पटेरिया, अभिषेक पटेरिया, विपुल पटेरिया, ओमप्रकाश पटेरिया, अनुराग पटेरिया आदि घायल हो गए थे। पुलिस ने राजेंद्र पटेरिया के बयान के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें आरोपी रज्जन पटेरिया, अखिलेश पटेरिया, शोभाराम पटेरिया, रघुवीर पटेरिया, चेतराम कुशवाहा, बंधन तिवारी आदि को आरोपी बनाया गया है।

## आरोपी से मिलने थाने पहुंची कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव,

कंदवा मंदिर के पुजारी बदलने को लेकर हुए गोली कांड के आरोपियों से मिलने के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव और टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी किरण अहिरवार आरोपियों से मिलने थाने पहुंचे और उन्होंने पुलिस से आरोपियों से मुलाकात कर कहा है कि कोई भी व्यक्ति इस मामले में झूठ ना फ्साया जाए क्योंकि आरोपी पक्ष कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हैं, उनके साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। जबकि घायल पक्ष भाजपा के किसान मोर्चे के जिला अध्यक्ष किशन पटेरिया के परिवारजन है।

## क्या कहते अधिकारी-

एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि घटना के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# उपसरपंच समेत 13 पंचों ने त्याग पत्र देने सीईओ को सौपा ज्ञापन

## सरपंच-सचिव समेत उपयंत्री पर एफ्आईआर दर्ज कराने की माँग



**पलेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हरकनपुरा भ्रष्टाचार को लेकर इन दिनों सुर्खियो मे बनी हुई है। सरपंच रीता राय सचिव महेश प्रताप रोजगार सहायक मलखान कुशवाहा और उपयंत्री प्रियंका त्रिपाठी के द्वारा शासन की राशि को फर्जी तरीके से ठिकाने लगाकर धन राशि बन्दरबांट किए जाने के संबंध में एक ज्ञापन जनपद पंचायत सीईओ को सौपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत हरकनपुरा मे जितने भी निर्माण कार्य कराये गये है, उनमें शासकीय नियमों को दरकिनार कर घटिया मटेरियल से कराये गये है। रोजगार सहायक के द्वारा मजदूरों के फर्जी मस्टर डाले जा रहे है। पंचायत के कामों की जानकारी सरपंच सचिव द्वारा न उप सरपंच को दी जा रही है और न ही किसी पंच को दी जा रही है। पंचायत का संचालन महिला सरपंच के पति ओमप्रकाश राय व उनके रिश्तेदार रंजीत राय के द्वारा किया जा रहा है। जब पंचायत के उप सरपंच व पंच ग्राम में कामों को देखने जाते है, तो सरपंच के गुंडो द्वारा उप सरपंच व पंचो से अभद्रता की जाती है। इसी बात को लेकर आज उप सरपंच सहित 13 पंच ज्ञापन देने के लिये जनपद सीईओ पलेरा के पास पहुँचे। ज्ञापन में मांग की गई है कि यदि तीन दिवस मे पंचायत के सभी कामो की जाँच नही होती और दोषी पाये जाने पर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं उपयंत्री पर एफ्आईआर दर्ज नही कराई जाएगी। तो उप सरपंच सहित 13 पंच अपने पद से सामूहिक त्याग पत्र दे देगे। जिसकी जिम्मेदारी सरपंच सचिव उपयंत्री, एवं जनपद सीईओ की होगी।

## इनका कहना है-

मैने सरपंच सचिव से पिछ्ले एक साल के लेखा जोखा की जानकारी मंगवाई है। निर्माण कार्यों मे जो भी भ्रष्टाचार मे लिप्त पाया जायेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। इसके साथ ही यदि उपयंत्री द्वारा कामो का मूल्याकंन किया गया होगा तो इनके खिलाफभी कार्यवाही सक्षम अधिकारी को प्रस्तावित की जायेगी।

**-सिद्ध गोपाल वर्मा**
सीईओ जनपद पंचायत पलेरा

# वृंदावन तालाब में मिला 35 वर्षीय शख्स का शव, बृजकिशोर कड़ा के रूप में हुई पहचान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के वृंदावन तालाब में गुरुवार शाम अज्ञात शव पड़ा मिला। तालाब की ओर घूमने गए लोगों ने जब किनारे पर शव देखा, तो तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। पूछताछ के दौरान मृतक की पहचान 35 वर्षीय ब्रजकिशोर उर्फ बिरजू कड़ा के तौर पर हुई है। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि शाम करीब 7 बजे मृतक के बड़े भाई प्रमोद कड़ा ने थाने में आकर बताया कि उसका छोटा भाई ब्रजकिशोर सुबह 8 बजे घर से निकला था, लेकिन शाम 5 बजे तक लौटकर नहीं पहुंचा। इसी दौरान वृंदावन तालाब में शव पड़े होने की खबर लगी। मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को बाहर निकल गया और प्रमोद कड़ा को बुलाकर पहचान कराई गई। इस दौरान प्रमोद ने मृतक की शिनाख्त बृज किशोर के तौर पर की। इसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि कल सुबह मृतक का पीएम होगा। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फ्लिहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक पैर से दिव्यांग था बृज किशोर

पूछताछ के दौरान मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि बृज किशोर एक पैर से दिव्यांग है। वह किराए की टैक्सी चलाकर अपना जीवन यापन कर रहा था। अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। साथ ही मृतक के भाई ने बताया कि वह शराब का आदी भी था।

# मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** न्यायाधीश हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में एडीआर भवन में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पक्षकारगण एवं सामान्यजन को प्रधान जिला न्यायाधीश हितेन्द्र सिंह सिसौदिया ने मध्यस्थता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मध्यस्थता गोपनीय, स्वेच्छिक, पारदर्शी और कम खर्चे की प्रभावी प्रक्रिया है। मध्यस्थता प्रक्रिया में आपसी सामंजस्य से मामला सुलझाया जाता है। मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है जिसमें सभी पक्ष अपनी इच्छा से सदभावनापूर्ण वातावरण में विवाद का समाधान निकालते हैं। मध्यस्थता की प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय रहती है। मध्यस्थता से विवाद का हमेषा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान हो जाता है तथा जटिल न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत मिलती है। मध्यस्थता से दोनों पक्षों का समय बचता है, दोनों पक्षों को धन की हानि होने से छुटकारा मिलता है तथा दोनों पक्षों की जीत होती है। कार्यकम में विनोद कुमार पाटीदार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बृजेन्द्र सिंह भदौरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी, एलएडी सी.एस के अधिकारी एवं सहित बड़ी संख्या में पक्षकारगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अवैध कट्टा कारसूत सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**जतारा, देशबन्धु।** अपराध करने की नीयत से घूम रहे एक व्यक्ति को थाना चंदेरा पुलिस द्वारा अवैध रुप से कट्टा लिये पाये जाने पर व्यक्ति को किया गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। जानकारी के अनुसार थाना चदेरा पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना चंदेरा पुलिस द्वारा स्यावनी नुना तिराहे के पास से एक व्यक्ति जो अवैध रुप 315 बोर का कट्टा एक जिन्दा करातूस लिये मिला जो कोई गंभीर घटना घटित करने की फ्रािक में था। जिससे उक्त कट्टा व कारतूस के संबंध में दस्तावेज मांगे जो न होना बता या उक्त व्यक्ति का कृत्य धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया व आरोपी को मौके से विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्यवाही में अंकित दुबे, रामपाल सिंह, रामचन्द्र नायक काशीराम, वेदप्रकाश शर्मा, चालकराजवीर सिंह, सोनाली की सराहनीय भूमिका रही।

# गैस रिफिल योजना में बहनों को गैस सिलेंडर 450 रूपए में मिलेगा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों के लिये 450 रूपये में गैस रिफ्लि योजना अन्तर्गत राशि के अंतरण के संबंध में स्थानीय उत्सव भवन टीकमगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना हितग्राही एवं गैर श्रेणी योजनान्तर्गत गैस कनेक्शनधारी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अन्तर्गत ऐसी पंजीकृत लाड़ली बहनों के लिये रूपये 450 में रिफ्लि योजना कार्यक्रम का जिला मुख्यालय पर स्थानीय उत्सव भवन में समारोहपूर्वक आयोजन किया गया।

समारोह में श्री अमित नुना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह के विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर पी.एस. चौहान, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार तोमर, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत राजेन्द्र पस्तोर थे। समारोह का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना से किया गया। इसके पश्चात् जिला खाद्य विभाग की ओर से फूल मालाओं पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी बीके सिंह ने शब्द सुमनों से अतिथियों का अभिनंदन करते हुए उज्जवला गैस योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर श्री अमित नुना ने म.प्र.शासन की मुख्यमंत्री लाडली बहना अन्तर्गत 450 रूपये में रिफ्लि योजना को ऐतहासिक बताया। उन्होनें कहा कि महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिये मुख्यमंत्री. म.प्र. शासन द्वारा एक से बढ़कर एक निर्णय लिये जा रहे हैं। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती ऋजुा चौहान ने बताया कि सभी पात्र और पंजीकृत महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके पश्चात् भोपाल स्थित इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर से मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण हुआ, जिसे सभी ने सुना और देखा। लाइव प्रसारण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की 36 लाख से अधिक बहनों को रूपये 219 करोड़ की अनुदान राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से राज्य अनुदान राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वीरेन्द्र कुमार चंसौरिया ने किया तथा जिला आपूर्ति अधिकारी बी.के. सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती सपना सेन, ललित मेहरा, मनीष तिवारी, सुधीर खरे, शंकर सिंह यादव, काशीराम रैकवार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं लाडली बहने उपस्थित रहीं।

# विभिन्न विकास कार्यो का विधायक राहुल सिंह ने किया भूमिपूजन



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर के विभिन्न वार्डो में विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों का भूमिपूजन मध्यप्रदेश शासन के मंत्री राहुल सिंह के मुख्य आतिथि में संपन्न हुआ। जिसमें कायाकल्प द्वित्तीय चरण एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत 2 करोड़ 50 लाख की लागत से सडकों का निर्माण 5 करोड़ की लागत से ग्वालसागर एवं जुगल सागर तालाब का सौन्दर्यकरण 2 करोड़ 95 लाख की लागत से नालियों का निर्माण विधायक निधि से 40 लाख की लागत से सडक निर्माण अमृत 2.0 के अंतर्गत 5 करोड की लागत से पानी की टंकी निर्माण एवं समस्त वार्डों मे पाईपलाईन का विस्तार के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान राहुल सिंह ने कहा कि नगर बल्देवगढ़ विकास एवं सौंदर्यीकरण की दिशा मे एक नई इबारत लिखने जा रहा जिन कार्यों का आज भूमिपूजन हुए हैं। इनका निर्माण पूर्ण होते ही बल्देवगढ़ एकदम नया एवं सुंदर दिकने लगेगा हमारी नगर परिषद अध्यक्ष एवं सभी पार्षद वार्डों एवं नगर को विकसित बनाने के लिए टीमवर्क के साथ कार्य कर रहे हैं और जो कि एक लक्ष्य को हासिल करने के लिए आवश्यक होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह अंत नही है कि यह विकास कार्यों की महज एक शुरूआत है, आने वाले समय बल्देवगढ़ में इतने सर्वांगीण विकास कार्य कराये जायेंगे कि बल्देवगढ़ का नाम प्रदेश के सबसे विकसित नगरों मे आयेगा। इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विश्वदीपक मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष संदीप सिंह पायक, सुरेन्द्र लोधी उपाध्यक्ष दयाराम कुशवाहा, सीएमओ अरविन्द तिवारी, उपयंत्री संदीप मिश्रा पार्षद रजनी चढार, आरती नायक, इस्माइल अली, कुर्शीद बानो, अंजना बाल्मीक, भगवानदास कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, बबली रैकवार, सुखवती आदिवासी, नारायणदास सोनी, संध्या चौरसिया, अम्बुज खरे, नंदू चौरसिया, मनोज रैकवार, मुन्ना वंशकार, राजकुमार चौरसिया, रवि नायक, रामेश्वर सेंन, मोहन चढार, दयाचंद राय, सीपी सुडेले सहित बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# मजगुवां में विधायक ने हरपुरा नहर फेज- 2 का किया भूमिपूजन व शिलान्यास

**पृथ्वीपुर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मजगुवां में आज विधायक डॉ शिशुपाल यादव ने हरपुरा नहर फेज-2 का भूमिपूजन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत जतारा उपाध्यक्ष ब्रजेश रावत, मकुंदी लाल कुशवाहा, मोहनगढ़ मंडल अध्यक्ष मान सिंह दांगी, दिगौड़ा मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह घोष, भाजपा नेता अमित चौबे, बलवंत सिंह बुंदेला, कल्याण सिंह घोष, राजेन्द्र घोष, देवेंद्र घोष सहित कई ग्राम पंचायतों के सरपंच व भाजपा कार्यकर्ता सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।



भूमिपूजन व शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात विधायक डॉ शिशुपाल यादव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज ग्राम मजगुवां में हरपुरा फेज-2 विस्तार नहर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन व शिलान्यास किया गया, जिससे यह कार्य पूर्ण होने पर दिगौड़ा क्षेत्र के कई ग्रामों व बम्होरी बराना क्षेत्र के कई ग्रामों की लगभग 3200 एकड़ भूमि पर इस नहर का पानी पहुँचने से किसानों को फायदा होगा और दिगौड़ा व बराना तालाब इस नहर से भरा जाएगा। यह कार्य 49 करोड़ 78 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे किसान भाई दिन रात कड़ी मेहनत करके अपनी फ्सलों की दिन रात रखवाली करते हैं, फ्सल आने पर जब तक घर न पहुंच जाए तब तक किसान चौन की सांस नही लेते हैं, उसी प्रकार अब भाजपा के वोटों की रखवाली करने का समय आ गया है, सभी को अपने अपने गांव के बूथों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। बूथ अगर भाजपा जीतेगी तो आपका भाजपा का विधायक बनेगा और विधायक बनेगा तो प्रदेश में फ्रि से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा की सरकार नहीं बनती है तो ये सारी योजनाओं को अन्य सरकार बंद कर देगी। जिससे लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना व आवास योजना, किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन योजना जैसी अनेक योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा, इसलिए सभी को भाजपा की एक बार फ्रि से प्रदेश में सरकार लाने के लिए दिन रात मेहनत करनी पड़ेगी। विधायक ने आगे कहा कि सुनने में आ रहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को मेहनत करने से रोका जा रहा है, उन पर डर व भय का दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे में यदि भाजपा कार्यकर्ताओं को कोई भी रोकता है तो भाजपा पार्टी डंडे व गोलियां तो नहीं चलाती है, लेकिन कानून के अंतर्गत उन असामाजिक तत्वों को जेल पहुँचाने का कार्य जरूर भाजपा करेगी। इसलिए किसी से भी न डरते हुए आप सभी को भाजपा के वोटों की रखवाली करनी है।

# सुधा सागर-अहार रोड पर 4 करोड़ से बनेगा पुल, कृषि उपज मंडी में बनेगा ट्रेडिंग रेस्ट हाउस, विधायक ने किया भूमिपूजन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले जनप्रतिनिधि लगातार भूमिपूजन और लोकार्पण करने में जुड़ गए हैं। शुक्रवार को टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने कई भूमिपूजन किए। जिले में सुधा सागर-अहार रोड पर 4 करोड की लागत से पुल बनेगा। विधायक राकेश गिरी ने भूमिपूजन किया। इसके अलावा कृषि उपज मंडी परिसर में व्यापारियों के लिए बनने वाले ट्रेडिंग रेस्ट हाउस का भूमिपूजन किया।

विधायक ने बताया कि शहर से 5 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत लखौरा में सुधा सागर-अहार रोड पर 75 मीटर लंबे पुल का निर्माण होना है। यह पुल 4.05 करोड़ की लागत से बनेगा। इसके अलावा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय टीकमगढ़ में 3.86 करोड़ की लागत राशि से 100 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण कंप्लीट हो गया है। आज उसका लोकार्पण किया गया। जिला अस्पताल में 65 लाख की लागत से आई नई डिजिटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया है। कृषि उपज मंडी में विधायक ने व्यापारियों के साथ मरई माता मंदिर के लिए सामुदायिक भवन, मंडी परिसर में व्यापारियों के लिए ट्रेडिंग रेस्ट हाउस का भूमि पूजन किया। इस दौरान मंडी व्यापारियों ने विधायक राकेश गिरी का स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर गल्ला तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, मंत्री संजय सोनी, निर्भय जैन, पिंटू मिश्रा, विजय जैन, पुष्पेंद्र जैन, पिंकू लोहिया, राकेश साहू, रामसेवक साहू, अंशुल जैन, राहुल तिवारी, मंडी सचिव देवेंद्र यादव, सुनील जैन, श्याम यादव सहित व्यापारी मौजूद रहे।

# कुल्हाड़ी मारकर मां की हत्या करने वाले कलयुगी बेटे को आजीवन कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना इस प्रकार है कि 6 अक्टूबर 2022 को रात्रि 21:34 बजे फरियादी सुरेश चौरसिया ने थाना सलेहा में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट लेख करायी कि मैं ग्राम पटना तमोला का रहने वाला हूं मेरे दो लडके है। बडे लडके का नाम राहुल चौरसिया तथा छोटे लडके का नाम सुखेन्द्र चौरसिया है आज से करीब पांच वर्ष पूर्व मैने बडे लडका राहुल चैरसिया का हिस्सा बांटकर उसके हिस्से की जमीन उसे दे दी थी व उसके हिस्से का घर भी दे दिया था। राहुल चौरसिया अपनी पत्नी के साथ अपने हिस्से के बस्ती वाले मकान में रहता है मैं सिध्दनाथ रोड चन्दनपुरवा के खेत में बने मकान में पत्नी कुशुम बाई व छोटे लडके सुखेन्द्र चौरसिया सहित रहता हूं। राहुल चौरसिया अपने हिस्से की जमीन को बेच दिया है। 6 अक्टूबर 2022 को शाम करबीन 6 बजे की बात है मै, मेरी पत्नी कुशुम बाई चौरसिया व छोटा लडका सुखेन्द्र चौरसिया घर के बाहर बैठे थे वहीं पास मे गंगाराम चौरसिया एवं माखन यादव बैठे थे उसी समय राहुल चौरसिया कुल्हाडी लिये आया व मेरी पत्नी कुशुम बाई से बोला की पूरी जमीन मेरे नाम कराओं, तो मेरी पत्नी ने कहा की जमीन पापा के नाम है पापा से बात करो इतनी बात पर राहुल बोला की तू ही सब कर रही है तू ही मेरे नाम जमीन नहीं कराने दे रही है और मेरी पत्नी कुशुम बाई को धक्का देकर जमीन में गिरा दिया तथा जान से मार डालने की नियत से हाथ में ली हुई कुल्हाडी से उसके सिर व गर्दन में कई बार कुल्हाडी से मारा जिससे खून बहने लगा। मै और मेरा लडका बचाने दौडे तो हमको भी कुल्हाड़ी ले के जान से मारने का प्रयास किया तब मेरा लडका सुखेन्द्र चौरसिया ने उसको भगाया तब वह भाग गया। मौके पर गंगाराम चौरसिया एवं माखन यादव ने पूरी घटना देखी। अपनी पत्नी कुसुम बाई को ईलाज के लिये अस्पताल सलेहा ले जा रहे थे तभी रास्ते मे मृत्यु हो गई है। रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना की गयी। आरोपी राहुल चौरसिया के विरूद्ध अपराध सिद्ध पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उक्त अपराध को शासन द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप मे चिन्हित किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना अभिषेक पाण्डेय उप निरीक्षक द्वारा की गयी। न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय में प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश खरे द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी राहुल चौरसिया के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना की न्यायालय द्वारा आरोपी राहुल चौरसिया को धारा. 302 भादसं में आजीवन कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

लव जिहाद का मामला आया सामने

# छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण, आरोपी गिरफ्तार

**दमोह देशबन्धु।** कुछ माह पूर्व एक मुस्लिम कांग्रेस नेता के युवती को छेड़ने का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर दमोह कोतवाली थानांतर्गत एक हिन्दू युवती से मुस्लिम युवक द्वारा लगातार बलात शारीरिक शोषण किये जाने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का एक मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक युवती (20) निवासी दमोह ने एक स्वयं के हस्ताक्षरसुदा लिखित आवेदन, अनावेदक शहबाज पिता नसीर खान निवासी धगट चौराहा दमोह के विरुद्ध पेश किया है जिसपर कोतवाली पुलिस थाना दमोह में प्रथमदृष्टया अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी को दिये आवेदक में आवेदिका का कहना था कि वह उम्र 20 वर्ष दमोह निवासी बी कॉम द्वितीय वर्षा में पढ़ती है। आज से करीब डेढ़ साल पूर्व से शहबाज खान पिता नसीर खान निवासी धगट चौराहा के सामने बाजार मोहल्ला दमोह से मेरी दोस्ती हो गई थी। तब से हम लोग का मिलना जुलना शुरु हो गया था। हम लोग अक्सर आनंद रेस्टोरेन्ट में खाना पीना खाने के लिए जाते थे। वह मुझे करीब डेढ़ साल पूर्व टाऊनवेरी रेस्टोरेन्ट जबलपुर नाका दमोह ले गया था जहां एक केबिन में उसने मुझसे बोला कि मैं तुमसे शादी कर लूंगा और मेरे साथ मेरे मना करने के बाद भी उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाये। इसके बाद कई बार मुझे रेस्टोरेन्ट ले जाकर कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाता था। विरोध करने पर जान से मारने की एवं बदनाम करने की धमकी देता था, इस कारण मैंने किसी को कुछ नहीं बताया था। इसके बाद आरोपी मुझसे कहने लगा कि जब तुम मुस्लिम धर्म अपनाओगी तब मैं तुमसे शादी करूंगा और मुझे बोला कि अगर तुम मुस्लिम धर्म नहीं अपनाओगी तो मैं तुम्हे जान से मार डालूंगा। तब मैंने अपने माता पिता को उसके बारे में बताया। शहबाज ने आखिरी बार मेरे साथ शारीरिक संबंध रक्षाबंधन के लगभग 20 दिन पूर्व किया था। शहबाज बोल रहा था कि मैं किसी से नहीं डरता जो करना है कर लेना। अपने माता-पिता के साथ थाने पहुंची फरियादिया ने रिपोर्ट पर दमोह कोतवाली थाने पुलिस ने शहबाज के खिलाफ दुष्कर्म, एससी/एसटी एक्ट, और म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना करना शुरू कर दिया है।

**कोतवाली पुलिस पर लगा आरोप:** इसी बीच आवेदक युवती द्वारा कोतवाली पुलिस थाना पर आरोप लगाया गया है कि वह अपनी बहिन के साथ गुरुवार को शाम छह बजे कोतवाली थाना पहुंच गयी थी और ड्यूटी पर तैनात अधिकारी से अपनी बात रखी थी परन्तु कोतवाली पुलिस द्वारा मुझे देर रात एक बजे के लगभग तक 7 घंटे से भी अधिक समय तक थाने में ही बैठाया रखा गया था। इसके बाद मामला मीडिया में सामने आने के बाद पुलिस द्वारा मेरी रिपोर्ट दर्ज की गयी। तबतक हिन्दूवादी संगठन भी सक्रिय हो गये थे।

**आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार:** कोतवाली दमोह थाना प्रभारी विजय सिंह राजपूत से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी शहबाज पिता नसीर खान को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## आज से कामायनी, रीवांचल, उत्कल एक्सप्रेस का पुन: पथरिया स्टापेज शुरू

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** कोरोनाकाल के बाद करीब 3 वर्षो से ज्यादा समय से बंद ट्रेनों के स्टापेज पुन: शुरू किए जा रहे हैं जिसमें पिछले सप्ताह 22911/12 इंदौर हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस का स्टापेज शुरू किया गया उसके करीब 6 दिन बाद शुक्रवार को सुबह 3.57 11703/04 रीवा-अम्बेडकर नगर इंटरसिटी एक्सप्रेस और आज से 11071/72 कामायनी, 18477/78 पुरी-ऋषिकेश उत्कल,12185/86 रीवा-रानी कमलापति रीवांचल एक्सप्रेस का स्टापेज शुरू हो गया साढ़े तीन वर्ष लग गए जिन ट्रेनों का वर्षों से स्टापेज था उसका पुन: स्वीकृत कराने में अब यात्रियों को लाभ मिलेगा पर सोचने वाली बात है कि पथरिया में करीब 20 वर्षो से अधिक समय से भोपाल इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज था लेकिन उसका पथरिया स्टेशन पर नही मिला जबकि बांदकपुर, रीठी सलैया में स्वीकृत हो गया है उम्मीद निरंतर बनी रहेगी और रहना चाहिए आखिर जनप्रतिनिधियों से उम्मीद तो करना ही चाहिए हर कोई चाहता है कि हमारे यहां भी ट्रेनों का स्टापेज हो ताकि यही से यात्रा कर सकें जिसकी कोशिश जारी रहेगी। वही पुन: स्टापेज होने पर क्षेत्र की जनता क्षेत्रीय सांसद केन्द्रीय मंत्री। प्रहलाद पटेल व रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य योगेश चौधरी को आभार प्रकट किया7

# मेघावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन




**दमोह देशबन्धु।** बजरिया नंबर 2 वार्ड 32 में मेघावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन वार्ड पार्षद सभापति हलीमा सादिया शेख रफीक खान द्वारा वार्ड के मेघावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वार्ड एवं शहर की कुछ समाज सेवी एवं समाजसेवी संस्थाओं का भी सम्मान किया गया। बजरिया नंबर दो में प्रथम रैंक में आने वाली विद्यार्थी 10वी क्लास की साक्षी चक्रवर्ती को पार्षद द्वारा साइकिल भेंट की गई। पार्षद हलीमा सादिया रफीक खान ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम वार्ड में काम शुरू करेंगे ताकि और भी जन प्रतिनिधियों को इसकी प्रेरणा मिले और यह कार्यक्रम अब हर साल किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय टंडन ने कहा के शिक्षा के क्षेत्र में कहीं भी किसी प्रकार की जरूरत पड़े होनहार विद्यार्थियों के लिए हम हमेशा तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब सैयद, कुतुब अली, शहर काजी, शाहब शहर काजी ने की विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन, पंडित मनु मिश्रा, महेंद्र दुबे, अनवर उल हक उस्ताद साहब, आजम खान रहें।

## विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्रीमती रेणुका कंचन तथा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह श्री अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में जे.एल.वर्मा विधि महा विद्यालय दमोह में मूल अधिकार एवं कर्तव्य एवं बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें, नशा पीड़ितों को विधिक सहायता, नशा उन्मूलन तथा एसिड अटैक विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

# निर्माण कार्य होने से यहां की सुंदरता बढ़ेगी: पटेल

## केन्द्रीय मंत्री ने बकायन में 99.90 लाख की लागत के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**दमोह देशबन्धु।** बकायन हनुमान जी महाराज का सेवा का मौका मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की तरफ से मिला है, उसका भूमि पूजन हुआ, उस स्थान की स्वच्छता, सुंदरता और सुरक्षा तीनों मजबूत होंगे। हनुमान मंदिर परिसर में विभिन्न जन सुविधाओं के कार्यों का भूमि पूजन संपन्न हुआ है, इन कार्यों से यहां की सुंदरता बढ़ेगी। मंदिर में दर्शन पूजन कर सफाई की व्यवस्था की जाए, इस हेतु सभी जन स्वयं में आगे आए। इस आशय के विचार जिले के ग्राम बकायन के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 99.90 लाख रूपये की लागत से जन सुविधाओं के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन के दौरान केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने व्यक्त किये। इस अवसर पर मंदिर के महंत हरीदास जी, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज, पंडित सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी,




गोपाल पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, पंडित नरेंद्र व्यास, पूर्व विधायक लखन पटेल एवं उमा देवी खटीक, कपिल शुक्ला, रामेश्वर पटेल, माया बाई, वीरेंद्र पटेल, सुरेश पटेल मंचासीन थे। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा इस स्थान की दृष्टि से जो काम हो रहे है, बहुत बड़े काम हैं। पहली बार मंदिर का इतिहास बन रहा है। उन्होंने आम जनों से नशे से बचने का आह्वान किया और बच्चों में अच्छे संस्कार देने का आग्रह किया। कुंडलपुर में स्थापित माता रुक्मणी की मूर्ति की स्थापना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक निर्णय से माता रुक्मणी की यहां पर स्थापना संभव हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति अपना आभार जताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्रीय राज्य मंत्री पटेल ने महंत का स्वागत किया । कार्यक्रम के पहले पूर्व विधायक लखन पटैल ने संबोधित करते हुये कहा मन में बात थी यहां सामुदायिक भवन बन जाये शेड बन जाये, आज इन कार्यो का भूमिपूजन हुआ है। यह काम पूरा होने पर एक बड़ा परिवर्तन दिखेगा। कार्यक्रम के पूर्व में केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने इमलाबाले हनुमान जी के दर्शन कर आर्शीवाद लिया और सभी के अच्छे भविष्य की कामना की।

# विकास पर्व में कई कार्यों का भूमिपूजन



**दमोह/हटा देशबन्धु।** प्रदेश व्यापी विकास पर्व के उपलक्ष्य में नगर के विकास कार्यो को लेकर प्रतिबद्ध नगर पालिका द्वारा शुक्रवार की सुबह भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित कर विकास कार्यो की सौगात दी गई है। नगर पालिका द्वारा नगर में कराए जाने वाले तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम गांधी वार्ड स्थित नए मछली मार्केट के समीप हटा विधायक पीएल तंतुवाय नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक एवं समस्त पार्षद गणों के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्व प्रथम माँ सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत वेद मंत्रों के बीच पूजा अर्चना करते हुए विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए कार्यों की शिला पट्टिका का अनावरण किया गया। इसी दौरान रविन्द्र भवन भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेश व्यापी कार्यक्रम विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि पूजन एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का प्रसारण प्रोजेक्ट के माध्यम से किया गया। वही विधायक पीएल तंतुवाय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। इसी को लेकर पूरे प्रदेश में विकास का पर्व मनाया जा रहा है। गांधी वार्ड में नाले के ऊपर लंबे समय से पुल निर्माण की मांग थी। भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य को गति मिलेगी नगर में विकास के कार्य पूर्ण होने पर जन सामान्य को सुविधा मिलेगी। पार्षद दीपक जैन ने कहा कि नगर पालिका परिषद की बैठक में निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव पारित किए गए थे। उन्ही प्रस्तावों पर मुहर लगी है। शासन से हमे कार्यो के लिए मंजूरी मिली और राशि प्राप्त हुई है। गौरतलब है कि एस.डी.एम.एम.योजना अंतर्गत गांधी वार्ड में 89 लाख रुपए की लागत से पुल निर्माण कार्य होगा। वही चंडी जी चौराहे के समीप पुलिस चौकी के बाजू से सामुदायिक शौचालय का निर्माण 14 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। दूधिया नाले के पास लाइन शिफ्टिंग का कार्य 17 लाख 65 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। इन निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राजेन्द्र खरे उपयंत्री जाकिर खान पार्षद दीपक जैन कैलाश ताम्रकार नीरज साहू पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र सोनी हरिशंकर साहू लखन कोरी रितेश अग्रवाल आकिब खान शहजाद हुसैन लालचंद खटीक शनद राजपूत अखलेश राय की उपस्थिति रही।

## पटैरिया बने जिला कांग्रेस पार्टी के संगठन सचिव

**दमोह/हटा देशबन्धु।** दमोह विधानसभा क्षेत्र के लाडले विधायक भैया अजय टंडन जी की सहमति एवं हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव की अनुशंसा पर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भैया रतनचंद जैन द्वारा नीलेश पटैरिया शास्त्री वार्ड हटा को जिला कांग्रेस कमेटी में संगठन सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। नीलेश पटैरिया की नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परसोत्तम पन्या घनश्याम यादव , मथुरा प्रसाद पटेरिया, प्रदीप खटीक, सफ्ल त्रिवेदी, आनंद मोहन पटेरिया, रामनाथ राय, शैलेन्द्र खटीक,मोनू पटेरिया, कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव (कांग्रेस प्रवक्ता ), गोलू सराफ देवेंद्र राय, महेंद्र राय, विवेक जैन, बिजेंद्र कुसम्या,, सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं नेताओं ने बधाई दी।

## सामाजिक केन्द्रीय न्याय मंत्री के कार्यक्रम में शामिल हुए स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय के छात्र

**पन्ना, देशबन्धु।** गत दिवस छतरपुर में आयोजित दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार द्वारा सीआरसी केन्द्र छतरपुर का शिलान्यास किया गया। उक्त कार्यक्रम में पन्ना जिले के भारतीय पुनर्वास परिषद दिल्ली के मान्यता प्राप्त संस्थान स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर के छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान छात्रो के साथ संचालक तथा शिक्षक भी शामिल हुए। सभी छात्रो ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात भी की तथा पन्ना विवेकानन्द विद्यालय में आने का निवेदन भी किया। इस दौरान राजेश यादव सचिव, संचालक विनीत सिंगल सचिव भारत सरकार सामाजिक न्याय विभाग, अलीयावर जंग विश्वविद्यालय से निर्देशक राजू आरख एवं डॉ. मार्टिन, पूर्व मंत्री ललिता यादव, पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा पन्ना तरुण पाठक, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के संचालक कोर्स कोआर्डिनेटर अकादमी के स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे।


**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र. 184/2023 पन्ना दिनांक 28 अगस्त 2023

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**नोटिस दाता:-** रामकुमार (विदुर) उम्र 46 वर्ष, पुत्र श्री राम सजीवन अहिरवार निवासी, लड़याना मोहल्ला वार्ड नं. 01 चिकवाना अजयगढ़ तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना, मध्यप्रदेश

**एवं**

फूलरानी आदिवासी (विधवा) उम्र 38 वर्ष, पति स्व. श्री बृजकिशोर कोंदर, पुत्री श्री बुटुवा कोदर, निवासी अम्बेडकर वार्ड नं. 07 राजापुर अजयगढ़, जिला पन्ना मध्यप्रदेश

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रुप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची **'आशयित विवाह की सूचना'** संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं वाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 29 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न- आशायित विवाह की सूचना

प्रकरण में सुनवाई तिथि **30 सितम्बर 2023**

**नीलाम्बर मिश्र**
**अपर कलेक्टर एवं**
**विवाह अधिकारी , पन्ना मध्यप्रदेश**



**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, सागर संभाग-सागर**
**माधवराव सप्रे मार्ग, ( मुख्य मार्ग क्रमांक-03 )**
**भोपाल ( म.प्र. ) 462003**

नि.आं.सू.क्रं-10/2023-24/591 भोपाल दिनांक 05.10.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संभाग-सागर की ओर से जिला चिकित्सालय सागर, दमोह एवं टीकमगढ़ में माड्यूलर आपरेशन थ्रियेटर की स्थापना के कार्य एवं जिला सागर के विकास खण्ड खुरई में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन रोडा एवं बांदरी में मरम्मत कार्य तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन प्रेमपुरा जिला टीकमगढ़ का सी.एच.ओ. आवास सहित निर्माण कार्य हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से 03 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एसओआर 15.09.2022 एवं रोड एस.ओ.आर. (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| सरल क्रमांक | निविदा क्रमांक | जिला का नाम | विकासखण्ड का नाम | संस्था की संख्या | अनुमानित लागत राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_DHS_314521 | सागर | सागर | 01 | 141.95 |
| 2 | 2023_DHS_314524 | टीकमगढ़ | टीकमगढ़ | 01 | 296.83 |
| 3 | 2023_DHS_314527 | दमोह | दमोह | 01 | 136.48 |
| 4 | 2023_DHS_314771 | सागर | खुरई | 01 | 129.11 |
| 5 | 2023_DHS_314775 | टीकमगढ़ | टीकमगढ़ | 01 | 60.31 |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 06.10.2023 प्रात: 10.30 से दिनांक 20.10.2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. सरल क्रमांक 01 से 03 तक के कार्यों हेतु विशेष शर्त लागू रहेगी।
6. उपरोक्त निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

**कार्यपालन यंत्री**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग -सागर**

**जी-20913/23**


टाईगर रिजर्व के अधिकारियों का बड़ा कारनामा

# रमपुरा गेट की जगह अकोला गेट का मंत्री से करा दिया शुभारंभ



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले में अधिकारियों को अनेक कारनामे प्रकाश मे आ रहे है तथा उद्घाटन एवं शिलान्यास कराने का जो दौर चल रहा है उसमे किसी के स्थान का लेख किया जाता है तथा अन्य स्थान पर उद्घाटन करा दिया जाता है। टाईगर रिजर्व द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुए अवगत कराया गया था कि टाईगर रिजर्व के अन्तर्गत रमपुरा गेट का शुभारंभ किया जायेगा। जहां पर 6 अक्टूबर को सूचना के आधार पर लोग पहुंच भी गये थे लेकिन बाद मे अकोला गेट का शुभारंभ खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के हाथो से करा दिया गया। जबकि अकोला गेट का शुभारंभ 30 जनवरी 2019 को चार वर्ष पूर्व तत्कालीन क्षेत्र संचालक के एस भदौरिया द्वारा किया जा चुका है। इस प्रकार एक ही कार्य का उद्घाटन दो-दो बार कराया जा रहा है। जिससे अधिकारियों की कार्य प्रणाली चर्चाओ मे बनी हुई है।

### इनका कहना है

गेट यही है रमपुरा ग्राम है वहां की स्वीकृति नही मिली है इसलिए अकोला मे गेट का शुभारंभ कराया गया है, चूकि कोर एवं बफर जाने के लिए एक ही स्थान से रास्ता है, इसलिए उद्घाटन वहीं पर कराया गया है।

**बृजेन्द्र झा, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व**


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री भवन लोक निर्माण विभाग तहसील कम्पस संभाग सागर म.प्र.**

एनआईटी नं.28/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ दिनांक 29.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां तकनीकी बिड भौतिक रूप से सत्यापित का जावेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWPIU_314395_1 | बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में एम.बी.बी.एस. की 100 से 250 सीट वृद्धि कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सागर | 7350.00 | 3675000/- | 50000.00 | 24 माह | मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर |
| 1 | 2023_PWPIU_314396_1 | जिला सागर में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय भवन निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सागर | 349.91 | 349915/- | 15000.00 | 16 माह | मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 03.10.2023 समय 10.30 से दिनांक 17.10.2023 समय 17.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री ( भवन )**
**लोक निर्माण विभाग संभाग सागर**

**जी-20959/23**

# 519.01 करोड़ के विकास कार्यों का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण एवं शिलान्यास





**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश स्तरीय लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 146.50 करोड़ रूपये लागत के परियोजना कार्यों का लोकार्पण व 8.45 करोड़ रूपये परियोजना लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन सहित नगर निगम एवं अन्य विभागों के कुल 519.01 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास किया। इस दौरान पदमाकर सभागार से वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीत तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, कलेक्टर दीपक आर्य, निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ चंद्रशेखर शुक्ला, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, गौरव सिरोठिया नगर निगम के पार्षद एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सागर स्मार्ट सिटी अंतर्गत लोकर्पित विभिन्न परियोजनाओं के कार्यों को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने हेतु स्मार्ट सिटी के अधिकारी व इंजीनियर्स सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सम्बोधित करते हुए सागर सहित प्रदेश में किए जा रहे नगरीय विकास कार्यों हेतु मंत्री भूपेंद्र सिंह एवं उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं। विधायक शैलेन्द्र जैन ने लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों सहित एलिवेटेड कॉरिडोर का भ्रमण किया व नगरवासियों को बधाई देते हुए कहा की अब चकराघाट से दीनदयाल चौराहे की दूरी नाम मात्र की रह गई है। खेल परिसर और मल्टीपल पार्क जैसी सुविधाओं से बच्चों सहित शहर का प्रत्येक नागरिक लाभान्वित होगा। महापौर संगीता तिवारी ने कहा की आज सागर विकास की नित नई इबारत लिख रहा है इसी क्रम में एक और ऐतिहासिक कार्य एलीवेटेड कॉरिडोर के रूप में हमारे सामने है यह बहुप्रतीक्षित परियोजना पूर्ण होने से शहर का यातायात दबाव कम होगा और लोग कम समय में आने जाने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे शहर की खूबसूरती भी बढ़ी है। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सतत विकास किया जा रहा है आज एलीवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण के रूप में सागर के इतिहास में एक बड़ी सौगात जुड़ने जा रही है। हम सभी कृतज्ञ हैं की मंत्री भूपेंद्र सिंह के प्रयासों से ये सोगते हमें मिल रहीं हैं। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण हेतु कुल 348.15 करोड़ रुपए के लोक निर्माण पीआईयू द्वारा 10.61 करोड़ रुपए की लागत के, मप्र ग्रामीण सडक विकास प्राधिकारी कुल 31.20 करोड रुपए के, सागर स्मार्ट सिटी अंतर्गत कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन की लागत 146.50 करोड़ रुपए के नगर निगम सागर में 8.45 करोड रुपए की लागत से पीपीपी आधारित कन्वेंशन सेंटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 5.99 करोड की लागत से ट्रेड एंड कल्चर सेंटर का भूमिपूजन, 2.46 करोड की लागत से इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम फेस 2 का भूमिपूजन लोक निर्माण विभाग द्वारा 5.3 करोड रुपए की लागत से 3.62 करोड की लागत से सिटी लिंक मार्ग के वाइडनिंग का कार्य का भूमिपूजन, 1.41 करोड की लागत से खुरई रोड जंक्शन इम्प्रूवमेंट का भूमिपूजन किया गया।

## भीम आर्मी ने निकाली गई संविधान बचाओ यात्रा



**सागर, देशबन्धु।** संविधान की रक्षा की शपथ लेकर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में भीम आर्मी जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र अहिरवार के नेतृत्व में सागर जिला में संविधान बचाओ यात्रा निकाली गई जो नगर के मोतीनगर चौराहा से प्रारंभ होकर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल भगवानगंज पहुंची जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और संविधान के सम्मान में सभा को संबोधित किया गया। उसके उपरान्त संविधान बचाओ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय पहुंचीं जहां शोषित, वंचित, आदिवासी एवं पिछड़ों के साथ हो रहे पक्षपात, शोषण व अत्याचार के विरोध में धरना दिया इसी दौरान राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन और कुलपति के नाम विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लेख है कि पिछड़ा वर्ग की जातिगत जनगणना करायी जाये, सफाई कर्मियों को नियमित किया जाए व ठेकदारी प्रथा पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जाए और विश्वविद्यालय में विगत दिनों पूर्व घटित घटना के आरोपियों पर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए जायें। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश अहिरवार, भीम आर्मी जिला प्रभारी पूरन अहिरवार, छात्रसंघ जिला अध्यक्ष पुष्पेन्द्र अहिरवार, संजय सूर्यवंशी, जीवन अहिरवार, लखन अहिरवार, सचिन पहलवान सहित जिले की आठों विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी, नगर कार्यकारिणी पदाधिकारी,भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित लोक सेवकों का प्रशिक्षण कल

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की पूर्व में हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित लोक सेवकों का प्रशिक्षण कल 8 अक्टूबर को प्रशिक्षण स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण में अनुपस्थित लोक सेवकों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व में हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित 305 लोक सेवकों के लिए 8 अक्टूबर को सागर विकासखंड में ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय एवं उत्कृष्ट विद्यालय, राहतगढ़, बंडा, खुरई, बीना, रहली, देवरी में प्रात 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। समस्त लोक सेवकों को निर्देशित किया है कि जो भी लोक सेवक इस प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहेगा उसके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य अधिनियमों के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि समस्त परीक्षण करने के उपरांत लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए हैं उनके प्रशिक्षण की एक व्यवस्था और सुनिश्चित की कराई जा रही है इसके पश्चात कार्रवाई की जावेगी। महिला लोक सेवक के संबंध में कार्यालय प्रमुख अथवा स्वयं के मातृत्व अवकाश प्रस्तुति अवकाश पर होने की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को दी जावे, उसी के अनुसार विधानसभा चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन होने के फलस्वरुप उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होने की आवश्यक नहीं है।

## नारी शक्ति आगे बढ़ेगी तो पूरा समाज आगे बढ़ेगा: शैलेन्द्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** नारी शक्ति जब आगे बढ़ती है तो पूरा समाज आगे बढ़ता है और उन्नति करता है। उक्त विचार विधायक शैलेंद्र जैन ने प्रधानमंत्री उज्जवला हितग्राही और गैर उज्ज्वला लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 450 रुपए में रिफिल गैस योजना की शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी अनिल तंतुवाय, सौरव जैन, अखिलेश राय, ऋषि सिंघई, विनीत जैन, विवेक जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें मौजूद थी। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मातृशक्ति को आगे बढ़ाने एवं उनका आर्थिक रूप से सशक्त समृद्ध बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार समस्त वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला खाद्य नियंत्रक आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एलजी प्रजापति ने किया जबकि आभार सहायक आपूर्ति अधिकारी निशांत पांडे ने माना।

## खाद न मिलने से आक्रोशित किसानों ने लगाया जाम



**राहतगढ़, देशबन्धु।** क्षेत्र के किसानों को चार-पांच दिनों से खाद लेने परेशान होना पड़ रहा है और किसानों को खाद लेने बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। किसानों ने बताया कि कृषि उपज मंडी में खुला खाद वितरण केंद्र के कर्मचारियों द्वारा मनमानी पूर्वक खाद वितरण किया जा रहा है। कभी सर्वर की समस्याए तो कभी मशीन खराब होने की बात कह कर किसानों को बिना खाद वितरण के खाली हाथ लौटा दिया जाता है। इसी के चलते क्षेत्र के किसानों ने तहसील गेट के सामने खाद ना मिलने पर आक्रोशित किसानों तहसील गेट के सामने सड़क जाम पर जाम लगा दिया। जानकारी लगते ही एसडीएम अशोक सेन, तहसीलदार निर्मलसिंह राठौर, थाना प्रभारी अजयप्रताप सिंह भदौरिया मौके पर पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया तब किसानों ने बंद सड़क फिर से सुचारू की। किसानों ने कहा कि बोनी का समय है समय पर खाद बीज की आवश्यकता है खाद लेने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। मशीन खराब है। क्षेत्र के किसानों ने मशीन बढ़ाए जाने की मांग की जिससे क्षेत्र के किसानों को परेशान ना होना पड़े।

## सार-समाचार

### आपका व्यवहार आपके कार्य करने की शैली ही आपकी लोकप्रियता है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** अभावों में घिरे किसी व्यक्ति या परिवार के सदस्य का समय पर सहयोग करना पुण्य है मनुष्य अपने जीवन में खूब धन, संपदा, संपत्ति संग्रह करें, मगर इसका कुछ हिस्सा जनसेवा परिवार धर्म समाज एवं राष्ट्र सेवा में करें तो वह पुण्य का भागी होता है। यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। मुनि श्री ने कहा हम परिस्थिति को नहीं बदल सकते लेकिन परिस्थिति के प्रति अपना सकारात्मक दृष्टिकोण रखकर अपना व पर का कल्याण कर सकते हैं। दृष्टिकोण बदलने से तुम्हें सृष्टि बदली नजर आएगी। मनुष्य को दूसरे के आलोचना करने की बजाय उसके भीतर के गुण देखना चाहिए, हर व्यक्ति के भीतर गुण छिपे हैं। किसी के गुण पुरुषार्थ द्वारा प्रगट हो गए और किसी के गुण अवगुण में परिवर्तित हो गए हैं बस भीतर गुणों को अवतरित करो, बुराई को निकालो बस इतना ही विचार करो कि हर व्यक्ति के भीतर गुण है। हमें गुण खोजना है, अवगुण नहीं। क्षुल्लक श्री चंददत्त सागर ने कहा घर से धर्म, त्याग, संस्कार, व्यवहार प्रारंभ होता है लवनत दंजनतम पे लवनत निजनतम का सूत्र बताते हुए कहा आपका व्यवहार आपके कार्य करने की शैली आपकी लोकप्रियता है और यही आपकी आलोचना कराती है, सब आपके ऊपर निर्भर है, इसीलिए सबसे जुड़ें, सबको जोड़ें और एकता, प्रेम, वात्सल्य, समता, सलाह समझ का प्रयोग कर श्रेष्ठ कार्य करें।

### श्री तपोवन तीर्थ क्षेत्र पर क्षमा वाणी का आयोजन कल



**मकरोनिया, देशबन्धु।** दस लक्षण पर्व के सानंद संपन्न होने पर मुनि श्री सुदत्तसागर एवं क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर के मंगल सानिध्य में क्षमा वाणी कार्यक्रम का आयोजन श्री तपोवन तीर्थ बहरिया फोरलेन पर आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए तपोवन तीर्थ के अध्यक्ष सिघई पवन कुमार जैन ने बताया की तपोवन तीर्थ पर बनने जा रहे क्षेत्र पर विश्व की सबसे बड़ी 51 फीट पद्मासन में भगवान श्री पद्मप्रभु जी की प्रतिमा विराजमान है। वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर की प्रेरणा से इस क्षेत्र पर बनने वाले मंदिर में लगातार कार्य तीव्र गति से चल रहा है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक जैन चितौरा ने बताया कि कल 8 अक्टूबर रविवार को प्रात: 7 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं भक्तांबर विधान का आयोजन मुनि संघ के मंगल सानिध्य में किया जावेगा।

## डीआईजी ने शाहगढ़ थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

# वाहनों चालकों को कानून की जानकारी और दुकानदारों को सीटीवी कैमरा जरूरी: डीआईजी



**शाहगढ़, देशबन्धु।** शुक्रवार को शाहगढ़ थाने का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी ललित शाक्यवार ने पुलिस क्वार्टर समेत पूरे थाना परिसर का निरीक्षण किया साथ ही पुलिस रिकॉर्ड्स भी खंगाले और पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, एसडीओपी शिखा सोनी सहित शाहगढ़ थाना प्रभारी लखन लाल उइके को जरूरी दिशा निर्देश दिए। मीडिया से रूबरू हुए डीआइजी ललित शाक्यवार ने चोरियों अथवा अवैध कामों को रोकने में पुलिस को सबूत जुटाने में दुकानदारो के सहयोग से ही वारदातों घटनाओं को रोका जा सकता है और आरोपियों तक शीघ्र ही पहुंचा जा सकता है, इसलिये दस लाख की दुकान खोलकर बैठे दुकानदारों को चार हजार की कीमत का सीटीव्ही कैमरा लगवाकर पुलिस के सहयोगी बने, नगर में चल रहे अवैध लोडिंग वाहनों पर लगाम लगाने के संबंध में डीआईजी ने कहा कि 50 से अधिक गांव है। लेकिन गांव के इन वाहन चालकों, लोगों को कानून की जानकारी नहीं होती है, वाहन चालकों के लिए कानून की जानकारी होना अति आवश्यक है इसके लिए अभियान चलाया जाएगा और वाहनों को यातायात के नियमों की जानकारी दी जावेगी, थाने में पुलिस बल की कमी को लेकर डीआईजी ने कहा कि पुलिस बल पर्याप्त है किसी भी थाने में कोई कमी नहीं है, जरूरत पड़ने पर हमारा एक पुलिस कर्मी दस के बराबर होता है, अंत में उन्होंने शाहगढ़ थाने संबंधी कमियों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## केन्द्रीय विवि में व्याप्त अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की जांच कराने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में वर्तमान में व्याप्त अनियमितताएं एवं विवि की कुलपति के संरक्षण में कतिपय अधिकारियों एवं प्राध्यापकों द्वारा गंभीर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिनकी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रपति का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता है। जिसमे वर्तमान में विश्वविद्यालय में जारी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक भर्तियों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। अपने चहेतों को उपकृत करने के लिए यूजीसी मापदण्डों की पूर्णत: अवहेलना की जा रही है। पैरामैडिकल विभाग में की गई भर्ती में योग्य अभ्यर्थियों की योग्यता एवं एपीआई मापदण्डों को दरकिनार कर अयोग्य एवं अपात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। साथ ही विभिन्न विभागों में प्राध्यापकों, सह.प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक की साक्षात्कार प्रक्रिया में भी गंभीर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के छात्रावास में विगत तीन दशकों से विद्यार्थियों द्वारा प्रतिवर्ष गणेशजी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा किए जाने की परंपरा रही है, परंतु इस वर्ष विश्वविद्यालय के चीफवार्डन डॉ. राजेश गौतम द्वारा विद्यार्थियों की धार्मिक भावनाओं पर कुठाराघात करते हुए गणेश जी की प्रतिमा का अनादर किया गया एवं विद्यार्थियों को छात्रावास परिसर में गणेश प्रतिमा को स्थापित नही करने दिया गया। जिसके लिए विद्यार्थी परिषद द्वारा सितम्बर माह में आंदोलन कर चीफ वार्डन को हटाने का मांगपत्र कुलपति को दिया गया था, जिस पर कुलपति द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्यवाही न कर चीफ वार्डन का लगातार संरक्षण किया जा रहा है। विवि परिसर में सीसीटीवी कैमरो से निगरानी की आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। विवि के पीछे से शहर की ओर जाने वाली सड़क पर लाइट कई वर्षो से बंद पड़ी हुई जिस कारण उस मार्ग असामाजिक तत्वों द्वारा विद्यार्थियों से लूटपाट की जाती है एवं शराब, जुए आदि का उपयोग करने वाले असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगातार बना रहता है। परंतु कुलपति कभी भी विद्यार्थियों की जानमाल की सुरक्षा को लेकर गंभीर नही रहती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए तथा डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विवि के शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति से कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता एवं चीफ वार्डन डॉ. राजेश गौतम को पद से हटाने एवं संबंधितों द्वारा विवि में किए जा रहे भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच कराने की अपील करता है। ज्ञापन प्रदर्शन के दौरान महाकोशल प्रांत के प्रांत सह संगठन मंत्री मनोज यादव, प्रांत सह मंत्री एवं सागर जिला संगठन मंत्री सावन सिंह, सुमित भगत, संगठन मंत्री सत्यम, नगर मंत्री शुभ शर्मा, आदित्य घोषी, आदित्य कुशवाहा, कुणाल अहिरवार, मनीष कुशवाहा, हर्षवर्धन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परिवर्तन संसार का नियम: नेहा दीदी

**बण्डा, देशबन्धु।** श्री खजाने वाले सरकार और श्री देव लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में चल रहे श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ कथा जिसमें नेहा दीदी जो कि सिवनी से आई हुई है। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कथा के छठवें दिन कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर नेहा दीदी ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि पितृपक्ष में श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बढ़ जाता है और सभी को पुण्य कार्य करते हुए पूर्वजों को पितृपक्ष में खुश करना चाहिए अपनी संतानों को भी यह सीखाना चाहिए कि वह बड़ों का और अपने माता-पिता का सम्मान करें। इस अवसर पर बंडा विधायक तरवर सिंह, नारायण सिंह नीमोन, राहुल सिंह, रीपेंद्र सिंह पहुंचे और श्रीमद् भागवत की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम के समय की आरती में वरिष्ठ समाज सेवी सुभाष कुमार सराफ, नगर परिषद अध्यक्ष वैभवराज कुकरेले, बाबू सिंह मुड़िया, शीला ठाकुर सहित नगर की जनता उपस्थिति रही और अतिथियों ने श्रीमद् भागवत गीता की आरती कर नेहा दीदी का आशीर्वाद लिया।

# मंत्री भूपेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को चार नई स्कूल बसें सौंपी, नि:शुल्क चलेंगी

### मालथौन कॉलेज को ई लाइब्रेरी हेतु 10 कंप्यूटर सिस्टम और म्यूजिक सिस्टम दिए



**बांदरी/मालथौन, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बांदरी व मालथौन के छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में नि:शुल्क आवागमन के लिए 1.32 करोड़ लागत की चार नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बांदरी नगर परिषद के लिए 36 लाख की लागत से दो नई कचरा गाड़ियां प्रदान कीं। उन्होंने 5.59 करोड़ की राशि बांदरी व मालथौन नगर परिषदों के पीएम आवास हितग्राहियों के खातों में प्रेषित की, 18 लाख की लागत से मालथौन कॉलेज में ई लाइब्रेरी हेतु दस कंप्यूटर और संगीत विभाग के लिए म्यूजिक सिस्टम प्रदान किए। मंत्री श्री सिंह ने मालथौन किला स्थित मंदिर को देवी लोक बनाने के लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृत करते हुए बताया कि डोहेला महोत्सव की तरह अब प्रतिवर्ष मालथौन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसमें बालीवुड कलाकारों की प्रस्तुति होंगी। दोनों समारोहों में उन्होंने 450 रुपए में उज्जवला के रसोई गैस सिलिंडर रिफिल योजना की शुरुआत की। मालथौन में बंसल समाज के सामुदायिक भवन हेतु 25 लाख, वार्ड 4 में हनुमान जी मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख, वार्ड 7 में माता मंदिर चबूतरा हेतु 5 लाख, वार्ड 3 अमारी मंदिर निर्माण का कार्य की पूर्णता हेतु स्वीकृतियां दीं। बेडमिंटन खिलाड़ी माही रिछारिया के खेल अकादमी में एडमिशन की फीस भरने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले छात्राओं के दो दलों को 10-10 हजार की राशि स्वीकृत की। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि खुरई में चल रहे गायन कार्यक्रम खुरई आइडल में कुल 450 गायन प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। 20 फाइनलिस्ट में से 5 प्रतिभाओं का सिलेक्शन हुआ और इनमें प्रथम आने वाले गायक गायिका को 51 हजार का नगद पुरस्कार और ट्राफी दी जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि आप सभी की जितनी चिंता आपके माता-पिता करते हैं उतनी ही चिंता मैं करता हूं, मैं आपका गार्जियन ही हूं। बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत होती थी इसलिए आज से ये फ्री बसें आपको स्कूलों तक लाने ले जाने का काम करेंगी। आप सभी मन लगा कर पढ़ें। हम सीएम राइज स्कूल और महाविद्यालय का विस्तार कर रहे हैं। दोनों नगर परिषदों में शीघ्र ही 5-5 स्कूल बसें और चलेंगी। मालथौन नगर परिषद के लिए 500 पीएम आवास की स्वीकृति की घोषणा की। उन्होंने बताया कि बांदरी नगर परिषद में कुल 6300 और मालथौन नप में 6500 से अधिक पीएम आवास स्वीकृत हो चुके हैं जिससे यहां अब खपरैल मकान ढूंढ़ना मुश्किल हो रहा है। मैं क्षेत्र का एक भी मकान कच्चा नहीं रहने दूंगा। सभी को पट्टे वितरित हो रहे हैं और आगे भी होंगे। कार्यक्रम में कुरवाई के पूर्व विधायक वीर सिंह, जयंत सिंह बुंदेला, आरसी दुबे, गोविंद सिंह खिरिया, रावराजा राजपूत आदि उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।